# हँसी खुशी

## (दूसरी कक्षा)

(भाषा, गणित और परिवेश अध्ययन से सम्बन्धित पाठ्यपुस्तक और कार्यपुस्तक)

शिक्षक शिक्षा निदेशालय एवं
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
ओड़िशा, भुवनेश्वर

ओड़िशा विद्यालय शिक्षा कार्यक्रम
प्राधिकरण, भुवनेश्वर

# हँसी ख़ुशी

## दूसरी कक्षा


**सम्पादक मंडली :**

डॉ. चक्रधर विश्वाल
सुश्री ज्योतिर्मयी बेहेरा
सुश्री ममता स्वाईं
श्री प्रमोद कुमार मल्लिक
श्री प्रफुल्ल कुमार पंडा

**समीक्षक मंडली :**

डॉ. चक्रधर विश्वाल
डॉ. दुर्योधन दाश

**संयोजना :**

डॉ. सबिता साहू

**अनुवादक मंडली :**

प्रो. राधाकान्त मिश्र - पुनरीक्षक
प्रो. स्मरप्रिया मिश्र
डॉ. स्नेहलता दास (अनुवादिका)
डॉ. सनातन बेहेरा
डॉ. लक्षीधर दाश
डॉ. अजित प्रसाद महापात्र

**संयोजना :**

**डॉ. सबिता साहू**

**प्रकाशक :**

विद्यालय और गणशिक्षा विभाग, ओड़िशा सरकार

**मुद्रण वर्ष :**

२०१६, २०१७

**प्रस्तुति :**

शिक्षक शिक्षा निदेशालय एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ओड़िशा, भुवनेश्वर
और
ओड़िशा राज्य पाठ्य पुस्तक प्रणयन और प्रकाशन संस्था, भुवनेश्वर

**मुद्रण :**

पाठ्य पुस्तक उत्पादन और विक्रय, ओड़िशा, भुवनेश्वर



जगन्माता के चरणों में मैं जो-जो भेंट अबतक दे रहा हूँ, उनमें मौलिक शिक्षा ही सबसे ज्यादा क्रान्तिकारी और महत्वपूर्ण लगती है। इससे अधिक कोई महत्वपूर्ण और अनमोल भेंट मैं जगत् के सामने रख सकूँगा, ऐसा मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। इसमें मेरे सारे रचनात्मक कार्यक्रमों के अनुप्रयोग करने की कुंजी है। जिस नई दुनिया के लिए मैं छटपटा रहा हूँ, उसका उद्‌भव इसीसे ही हो पाएगा। यह मेरी अन्तिम अभिलाषा है।

**-महात्मा गान्धी**



# हमारा राष्ट्रीय संगीत

"जन-गण-मन-अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
पंजाब-सिंध- गुजुराट-मराठा
द्राबिड़ उत्कल बंग
बिंध्य-हिमाचल - यमुना-गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशिष मागे
गाहे तव जय गाथा
जनगण-मंगल दायक जय हे,
भारत भाग्य विधाता,
जय हे जय हे जय हे,
जय जय जय जय हे ।"



# भारत का संविधान

हम भारतवासी भारत को एक सार्वभौम, समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, गणतांत्रिक साधारणतंत्र का रूप बनाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते हुए और इसके नागरिकों को

* सामाजिक, अर्थनैतिक और राजनैतिक न्याय;
* चिंता, अभिव्यक्ति, प्रत्यय, धार्मिक - विश्वास और उपासना की स्वतंत्रता
* स्थिति और सुविधा अवसर की समानता की सुरक्षा प्रदान करने तथा
* व्यक्ति मर्यादा एवं राष्ट्र के ऐक्य और संहति निश्चित करके उनके बीच भातृभाव को उत्साहित करने

इसी प्रकार २६ नवम्बर सन १९४९ को हमारे संविधान प्रणयन सभा में इस संविधान को ग्रहण और प्रणयन करते हैं एवं अपने को अर्पण करते हैं ।


# सूची


| पाठ | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | चित्र देख कर कहानी बताओ | 1 |
| 2. | कहो वह कौन है (पद्य) | 12 |
| 3. | आओ घर बनाएँ | 21 |
| 4. | समधी जी | 29 |
| 5. | क्रिकेट का खेल | 35 |
| 6. | हाथी ने मानी गिरगिट की बात | 43 |
| 7. | आओ चलें भट्टारिका | 50 |
| 8. | सुन्दर हमारा घर (पद्य) | 58 |
| 9. | रम्भा ने नया स्थान देखा | 65 |
| 10. | गाँव घूमना | 78 |
| 11. | एकता में बल (पद्य) | 88 |
| 12. | हमारा गाँव | 95 |
| 13. | मेढकी करती टर्र टर्र | 110 |
| 14. | धूप, वर्षा, शीत | 123 |
| 15. | हमारे अंचल के भूमिरूप | 135 |
| 16. | हमारे त्यौहार | 145 |
| 17. | स्वतन्त्रता दिवस | 159 |
| 18. | माँ जैसी मेरी कौन होगी (पद्य) | 167 |
| 19. | चित्र देखो और बताओ | 174 |

पाठ- १


चित्र- १

# चित्र देखकर कहानी सुनाओ



चित्र-२

# गाँव की सुबह





चित्र- ३

वाहनों के नाम बताओ













इनमें तुम कहाँ जा सकते हो, बताओ

चित्र-४



चित्र-५






इन दोनों चित्रों में छह अन्तर हैं । मैंने ________ निकाला है ।

चित्र- ६

यहाँ हिरन का चित्र है । इसे देख कर दोनों चित्र पूरा करो ।



## अभ्यास

**१. पढ़ो और लिखो ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पताका | | बालक | | बूढ़ा | |
| कृषक | | नारियल | | कुआँ | |
| घर | | पहाड़ | | | |

**२. गाँव में सुबह का चित्र देखकर बताओ ।**

(क) चित्र में बूढ़ा कहाँ बैठा है ?

(ख) सूरज कहाँ दिखाई दे रहा है ?

(ग) दोनों बच्चे कहाँ जाने को निकले हैं ?

(घ) किसान क्या कर रहा है ?

चित्र देखकर ऐसे प्रश्न दोस्तों से पूछो ।

**३. चित्र देखकर लिखो ।**










४. बैल क्या-क्या खाकर हल करने जाएगा ?


जैसे - दाना, _______, _______, _______, _______

५. चित्र में रंग भरो ।



६. कूजनेवाले पक्षियों के नाम बताओ, जैसे - कोयल

७. नीचे दिए गए चित्र को देखकर इसमें क्या-क्या नहीं है, उसे अंकन करो ।



पाठ- १

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- २८*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा : श्रवण, कथन, प्रश्न का उत्तर देना, समझने की क्षमता ।**

**परिवेश : गाँव की सुबह के चित्र के माध्यम से सुबह और परिवेश के साथ पिछले साल के पाठ की आलोचना ।**

चित्र-१ : बच्चे खुद चित्र देखकर कहानी सुनाएँगे । शिक्षक उनसे कक्षा में एक के बाद एक को सुनाने को कहेंगे ।

चित्र-२ :

- गाँव की सुबह को मन लगाकर देखेंगे ।
- चित्र के बारे में आपस में बातचीत करेंगे ।
- प्रत्येक चित्र को देखने के साथ पूरे चित्र को देखेंगे ।
- चित्र से शिक्षक प्रश्न पूछने के साथ उस संबंध में खुद प्रश्न तैयार करेंगे ।
- बच्चे अपनी अनुभूतियों से सुबह के दृश्य के बारे में वर्णन करेंगे ।
- सुबह से शाम तक क्या-क्या करते हैं वर्णन करने के साथ अभिनय करेंगे ।
- बच्चे चित्रों में पशुपक्षियों की पहचान करेंगे तथा अन्य किन-किन पशुपक्षियों को पहचानते हैं उसके बारे में शिक्षक से पूछेंगे ।
- घर और बाहर साफ रखने के बारे में बात करेंगे ।
- चित्र में बच्चे पढ़ने जा रहे हैं । पढ़ाई के बारे में बात करेंगे। ऐसे चित्रों से विविध विषयों पर चर्चा होगी ।

**चित्र- ३/४** : चित्र देखेंगे । किन-किन सवारियों में वे बैठे हैं, बताएँगे ।

**चित्र- ५** : बच्चे व्यक्तिगत रूप से २ नम्बर चित्र को देखेंगे । शिक्षक बच्चों से पूछ-पूछ कर चित्रों में अंतर निकालेंगे ।

**चित्र- ६** : बच्चे हिरन का चित्र पुस्तक में बनाएँगे । रंग भर सकते हैं ।

**अभ्यास कार्य :**

- सारे बच्चों को चित्र देखकर बोलने के लिए कहा जाएगा ।
- अधिक शब्द लिखाए जा सकते हैं ।
- चित्र से अधिक से अधिक प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।
- बच्चे जिन पक्षियों  के नाम जानते हैं, उनसे पूछा जा सकता है ।
- भिन्न-भिन्न चित्र संग्रह का काम किया जा सकता है ।



पाठ-२

# कहो, वह कौन है ?



चीं-चीं किच् किच् कर आवाज
घर घर बनाती नीड़ का साज
कहो वह कौन है ?



घर का चौकस पहरेदार
घुस न सके कोई
देखता अनजाने को जब
निकाल भगाता है वह तब
कहो वह कौन है ?

सुबह काँव - काँव करता
हम सबको नींद से जगाता
दिखता है वह काला कलूटा
कहो भला वह कौन है ?



दूध उसका अमृत समान
मलाई खाने तरसती जान
देकर दूध हमें पालती
कहो वह कौन है ?





हरे रंग की उसकी देह
लाल चोंच की शोभा वह
कहो वह कौन है ?



कूकती रहती बड़े प्यार से
उड़ती रहती डार डार से
काला चमचम उसकी देह
मधुर स्वर है कितना अहह
कहो वह कौन है ?

## अभ्यास

१. चित्र देखकर पक्षियों के नाम बताओ ।







२. चित्र देखकर बताओ ये किसका मुँह है ।















## ३. रेखा खींच कर चित्रों को जोड़ो ।


| | |
|---|---|
|  | मोर |
|  | कौवा |
|  | हंस |
|  | भालू |
|  | उल्लू |
|  | बाघ |
|  | कबूतर |

४. बताओ और लिखो ।

(क) किन-किन पक्षियों का रंग काला है ?

(ख) किन-किन पक्षियों का रंग सफेद है ?

५. कौन कितने ऊपर तक उड़ सकता है । नीचे की जगहों में '✓' निशान लगाओ ।



| | | |
|---|---|---|
| बरगद | झोपड़ी | ताड़ का पेड़ |



| | | |
|---|---|---|
| बाड़ | अमरूद का पेड़ | खजूर का पेड़ |



| | | |
|---|---|---|
| बिजली के तार | सहजन का पेड़ | मेघ तक |

६. पाठ में 'क' अक्षर वाले शब्द के नीचे रेखा खींचो और शब्दों को लिखो ।

जैसे - किचिरि,

______, ______, ______, ______, ______, ______

७. कौन कैसे आवाज करता है, लिखो

चीं-चीं किच किच

काँव - काँव

कुहू कुहू

गुटुर गूँ

८. तुम्हारे कुछ दोस्तों के नाम गोलाघेरे में लिखे गए है । उनके नाम का प्रथम अक्षर जिन पशु-पक्षियों के नाम से है, उसे रेखा खींच कर जोड़ो ।




९. अपने चारों ओर पक्षियों को देखो । पुस्तक में दिए गए गीत की तरह पशु-पक्षियों को लेकर दूसरे गीत संग्रह करो ।

## १०. चित्र देखो और बताओ-

इस चित्र में कोयल कहाँ है, उस पर गोला बनाओ ।



## ११. बताओ मैं कौन हूँ और लिखो ।

(क) गले में मेरी लाल रेखा है ।
शौक मेरी मिर्च खाना है ।

(ख) सूप जैसे कान मेरे
टाँग मोटी मोटी
घर जैसे शरीर दिखता
दोनों आँखें छोटी ।

(ग) बिल में होता है मेरा घर
मूँछें देखो मेरे मुख पर
अगर घुस गया तुम्हारे घर
रख देता सब चीर-फाड़ कर ।

पाठ-२

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३१*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** पहेली समझेंगे, आवृत्ति करेंगे, सरल पद को ऊँचे स्वर में पढेंगे। परिचित शब्द को पढ़ने और लिखने की क्षमता बढ़ेगी।

**परिवेश :** भिन्न-भिन्न पशु-पक्षियों की पहचान करने के साथ उनके स्वर से परिचित होंगे।

- ☐ पहले शिक्षक पहेलियों को क्रम से आवृत्ति करेंगे और बच्चे भी उनके साथ आवृत्ति करेंगे । बाद में शिक्षक एक–एक पहेली की आवृत्ति करेंगे और बच्चे सुनेंगे ।
- ☐ शिक्षक बच्चों से कहें कि वे एक एक करके उत्तर दें ।
- ☐ शिक्षक अपने मनसे पहेली बना / संग्रह करके पूछ सकते हैं ।
- ☐ बच्चों को दो दल में बाँटकर पहेली पूछने के लिए कहेंगे ।
- ☐ इस प्रकार भिन्न-भिन्न पशु-पक्षियों की पहचान कराएँगे ।
- ☐ बच्चों को पहेलियाँ संग्रह करने का काम देंगे ।


**अभ्यास :**

- ☐ बच्चों से व्यक्तिगत रूपसे सूचना के अनुसार अभ्यास करने को कहेंगे और शिक्षक उन से बात करेंगे ।
- ☐ बच्चों के आनुमानिक क्षमता वृद्धि के लिए दिया गया है ।
- ☐ बच्चों को पहेली लिखने के लिए उत्साहित किया जा सकता है ।
- ☐ ऐसे अनेक चित्रों की पहचान कराई जा सकती है ।
- ☐ ऐसे अनेक गीत बच्चों और शिक्षकों के द्वारा बनाए जा सकते हैं और कक्षा में पूछताछ पर जोर दिया जा सकता है ।

पाठ- ३

# आओ घर बनाएँ

विप्लव और प्रह्लाद दोस्त हैं। विप्लव के बगीचे में दोनों टहल रहे थे । उन्होंने देखा एक बड़े पेड़ के नीचे कुछ लोग खड़े हैं । वे उस पेड़ पर रहनेवाले चिडियों से बहुत प्यार करते थे ।




विप्लव ने कहा, ''वहाँ भीड़ क्यों है ?'' प्रह्लाद ने कहा, ''चलो, वहाँ चलकर देखते हैं ।'' दोनों वहाँ गए । छिपकर उनकी बातें सुनीं । बातें सुनकर दोनों डर गए ।

अरे, ये लोग तो हमारे पेड़ को काट लेंगे । बारिश के दिन आ रहे हैं । अब चिडियाँ क्या करेंगी ? उनके घर टूट जाएँगे । बेचारे कहाँ रहेंगी । सोयेंगी कहाँ ? बच्चों को कैसे पालेंगी ?



यह सब सुनकर प्रह्लाद ने कहा, ''मैं जंगल विभाग के दफ्तर जाता हूँ । वहाँ खबर कर दूँगा । मेरे आने तक तू इनको रोके रखना । पेड़ काटने न देना ।'' विप्लव का दिमाग ठनका क्या करेगा ? अचानक उसे बन्दर की याद आई । बन्दर के पास जाकर सब बताया ।

दोनों वहाँ गए । लोग पेड़ काटने की तैयारी कर रहे थे । बन्दर ने विप्लव से नीचे खड़े रहने को कहा । फिर पेड़ की ओट से उनपर पत्थर फेंकने लगा ।



इधर प्रह्लाद जंगल विभाग के दफ्तर पहुँचा । सब बताया । तुरंत सब आ गए । पत्थर की मार से कई लोग घायल हो चुके थे । जंगल विभाग के लोगों को देखकर वे भाग निकले । और कई पकड़े गए । प्रह्लाद, विप्लव और बन्दर के कारण पेड़ों का कोई नुकसान नहीं हुआ ।

## अभ्यास

### १. कहानी से बताओ ।

(क) प्रह्लाद ने पेड़ को बचाने का क्या उपाय निकाला ?

(ख) बन्दर के पत्थर की मार से चिड़ियों का क्या लाभ हुआ ?

(ग) विप्लव बन्दर के पास क्यों गया ?

### २. पढ़ो और लिखो ।

मल्ल - ____________

पल्ली - ____________

दिल्ली - ____________

शुक्ल - ____________

क्लान्त - ____________


अम्ल - ____________

आल्हाद - ____________

३. चित्र देखकर नीचे नाम लिखो ।









४. रेखा खींच कर शब्द बनाओ और बक्से में शब्दों को लिखो ।

जैसे - क्लेश, पल्लवी

| | | |
|---|---|---|
| म | श | स |
| क्ले | क | वी |
| उ | द | ढ |
| प | ल्ल | |
| अ | ल्ली | |
| श्लो | ल्हा | |
| गे | म्ल | |
| प्र | ह्ला | |

क्लेश,

पल्लवी,

५. सही उच्चारण के साथ पढ़ो और लिखो ।

प्रह्लाद आल्हाद दो मित्र हैं । __________________

वल्लरी के साथ गीत गाया । __________________

उल्लास वहाँ आ कर मिला । __________________

यह देख कर पल्लीवासी खुश हुए । __________________

६. रहने के लिए घर न हो तो क्या-क्या असुविधाएँ होंगी ? दोस्तों के साथ बात करके लिखो ।

________________________________________

________________________________________

________________________________________

७. प्रह्लाद ने जंगल विभाग में जाकर पेड़ की रक्षा की । वहाँ तुम होते तो पेड़ की रक्षा कैसे करते लिखो ।

________________________________________

________________________________________

________________________________________

८. तेज वर्षा होने पर अपने आपको बचाने के लिए कौन कहाँ जाएगा लिखो ।

मनुष्य ____________________

कुत्ता ____________________

मोर ____________________

गोरैया ____________________

साँप ____________________

मेढ़क ____________________

९. बया अपना घर घास-फूस से बनाता है । तुम्हार घर किससे बना है लिखो ।

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

१०. तुमने किन-किन जगहों पर चिड़ियों के घोंसले देखे हैं ।

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

## ११. 'घर' कहने से जो बातें तुम्हारे दिमाग में आती हैं- लिखो ।



जैसे - घर हमें धूप और बारिश से बचाता है ।

पाठ- ३

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३ ३*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ 'ल' की मात्रा की पहचान करेंगे ।

☐ परिचित शब्दों को श्रुतलेख में लिखेंगे।

☐ सही वर्तनी के साथ शब्द और वाक्यगठन की क्षमता बढ़ेगी ।

**परिवेश :** घर एक मौलिक आवश्यकता है यह समझेंगे । शिक्षक पहले कहानी सुनाएँगे । कहानी सुनाते हुए यथा स्थान चित्र देखाएँगे, अंगभंगी करेंगे । स्वरों का उत्थान पतन करेंगे ।

☐ 'ल' मात्रावाले वाक्य को श्यामपट पर लिखेंगे । उस पर ऊँगली रखकर बारबार पढ़ेंगे। वाक्य के बाद शब्द, शब्द के बाद अक्षर की पहचान कराएँगे ।

**चित्र- १ : केवल चित्र देखर बच्चे पढ़ेंगे**

**अभ्यास कार्य :**

☐ कहानी से अनेक प्रश्न किए जा सकते हैं ।

☐ 'ल' मात्रावाले अधिक शब्द संग्रह किए जा सकते हैं ।

☐ विभिन्न चित्र संग्रह करेंगे ।

☐ विभिन्न पुस्तकों से कविता संग्रह करके शुद्ध शब्द लिख सकेंगे ।

☐ परिवेश संबंध में अधिक प्रश्न किए जा सकते हैं ।

☐ अपनी अनुभूति से बच्चे लिखेंगे और बताएँगे ।


☐ अपने घर के संबंध में वाक्य जैसे-हम घर में पढ़ाई करते हैं - हम एक साथ रहते हैं । इस संबंध में बच्चों के कहे गए सभी वाक्य स्वीकार्य होंगे ।

☐ अभ्यास कार्य के सारे उत्तर कक्षा में सुनाए जाएँगे ।

पाठ-४

# समधी जी

दो पहर का समय था । हनु वैद खाट पर सोए थे । समधी भेड़िये की बात याद आई । बहुत दिन हो गए समधी जी के घर गया नहीं । सोचा समधी के घर हो आऊँ । समधी के घर गया । दरवाजा खटखटाया । भेड़िये की धीमी आवाज आई, हाँ । उसने दस्तक सुनकर किवाड़ खोल दिए ।



हनु वैद ने उसका चेहरा देखकर पूछा, समधी जी क्या बात है ? तुम्हारा चेहरा मुरझाया है । भेड़िये ने कहा, "कई दिनों से बुखार है ।'' तब हनु वैद्य ने बुखार का कारण पूछा ।



भेड़िये ने कहा, ''क्या बताऊँ समधी । बिल्ली मौसी की मिठाई की दुकान पर गया था । वहाँ मिठाई, समोसा, आलूचॉप खाया । वह सब बासी था । पेट खराब हो गया था । बिल्ली मौसी के प्यार को देखकर मना न कर सका । खा तो लिया, घर आते ही पेट खराब हो कर दस्त हुआ । उसके बाद बुखार । उस पर पहले से दमा था वह निकल पड़ा । साँसें फूल रही हैं ।''

हनु वैद ने सब सुना । दवाई दी । आश्वासन देते हुए कहा, डरो मत, तुम्हें कुछ नहीं होगा । हनु की दवाई पर भेड़िये को गहरा विश्वास था । हनु वैद ने कहा समधी जी बात गाँठ की याद रखो ।

''खाने का सामान सड़ा या बासी
भिन भिनाती बैठी हों मक्खी
भले ही भूख से जीवन हारो
वैसी चीज मुँह में न डालो ।''

## अभ्यास

**१. कहानी से बताओ ।**

(क) हनु वैद खाट पर सोते हुए किसे याद कर रहा था ?

(ख) भेड़िये को बुखार क्यों हुआ ?

(ग) हनु वैद भेड़िये को क्या उपदेश देता है ?

**२. इनको पाठ से ढूँढ़ निकालो और उस के चारों ओर गोला बनाओ ।**

ज्व, स्व, द्वा, श्वा

**३. शब्द बनाओ और सही उच्चारण करके पढ़ो ।**

जैसे - विश्व

अ____

ई____र

वि____स

४. 'विश्व' शब्द में जैसे 'श' के साथ 'व' लगा है वैसे 'व' लगाकर शब्द लिखो ।

_______________ _______________ _______________

५. सही जगह पर 'व' मात्रा लगाकर गीत को पढ़ो और लिखो ।

दरदर घूम थका हुआ हूँ
नि:श्वास बहता है सर्र
मधुर सुर में कैसे गाऊँ
बदन में है भरा ज्वर ।

६. क्रमानुसार सजाकर लिखो ।

श्वास रोग था । _______________

पेट खराब हुआ । _______________

दवाई खायी । _______________

दरवाजा खट खट हुआ । _______________

समधी का घर गया । _______________

७. बिल्ली मौसी की दुकान पर क्या-क्या मिलता था ।

_______________________________

_______________________________

८. तुम्हारे घर के पास कौन-कौन सी दुकानें हैं, उसकी एक तालिका बनाओ ।

_______________ _______________ _______________

९. कई खाद्य-सामग्री के नाम लिखो और वह कैसे खराब होती है लिखो।

जैसे - भात अधिक दिन रहने से बासी हो जाता है ।

डबलरोटी खुले में रहने से खट्टी हो जाती है ।

____________________________

____________________________

____________________________

१०. बासी खाना नहीं चाहते हो । इसके लिए तुम क्या करोगे ?

____________________________

____________________________

११. बाजार में बिकनेवाली किन-किन चीजों पर मक्खी बैठती हैं उनके नाम लिखो ।

_______, _______, _______, _______, _______ ।

१२. सड़ी हुई चीजें खाने से तुम्हें क्या–क्या बीमारियाँ हो सकती है ?

_______, _______, _______, _______, _______ ।

पाठ-४

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३०*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ व की मात्रा । 'व' की मात्रा से शब्द पठन लिखन वाक्य को देखकर लिखेंगे ।

☐ मात्रा का सही रूप लिखेंगे ।

☐ सही वर्तनी के साथ परिष्कार शब्द और वाक्य लिखेंगे ।

**परिवेश :** ☐ दूषित खाद्य से बीमारी होती है । शिक्षक बच्चों से बुखार, दस्त आदि बीमारी के बारे में बात करेंगे फिर कहानी सुनाएँगे ।

☐ श्यामपट पर 'व' मात्रावाले शब्द, वाक्य लिखकर अक्षर की पहचान कराएँगे।

☐ शिक्षक मन से वाक्य लिखकर 'व' मात्रा की पहचान करा सकते हैं ।

☐ चित्र को देखेंगे और क्या समझा, चर्चा करेंगे ।

☐ बच्चों को तरह-तरह के अभिनय करने को कहेंगे ।

☐ बीमारी में कैसे इलाज होता है उस पर चर्चा करेंगे ।

☐ बासी खाना खाने से क्या होता है चर्चा करेंगे ।

**अभ्यास कार्य :**

☐ प्रत्येक बच्चा अभ्यास कार्य करेगा ।

☐ अधिक से अधिक प्रश्न बच्चों को दिया जा सकता है ।


☐ प्रश्न ८, ९ की तरह भावना उद्रेककारी प्रश्न पूछा जा सकता है ।

☐ सड़ी हुई चीजें क्यों नहीं खाएँगे उसकी चर्चा करेंगे ।


पाठ-५

# क्रिकेट का खेल

गर्मी के दिन खत्म हो रहे थे । वर्षा हुई न थी । बड़ी गर्मी थी । पहाड़ के पासवाले मैदान में सियार और खरगोश बैठे थे । क्रिकेट के खेल पर बात हो रही थी । सियार ने कहा, खरगोश भाई क्यों न हम क्रिकेट का खेल खेलें । खरगोश ने हामी भरी ।




खेल से पहले एक सभा होगी । बिल में रहने वाले चूहे को और साँप को सियार ने खबर दी । पत्थर के खोल में रहने वाले बाघ और भालू को भी बुलाया गया । पेड़ के कोटर में रहनेवाले गिद्ध, उल्लू, कठफोड़वा आदि



पशु-पक्षियों को बन्दर ने खबर की । पानी में रहनेवाले जीव मेढ़क, कछुआ, मगरमच्छ और झींगे को केकड़े ने खबर भेज दी ।

सभा हुई । खेल का दिन तय हुआ । सियार एक दल का कप्तान बना और दूसरे दलका कप्तान खरगोश बना । खाने के लिए बिस्कुट और शर्बत की योजना हुई । भालू ने कहा, विजेता दल को क्या पुरस्कार देंगे ? हाथी ने कहा आईना देंगे । गोरैया ने शर्बत बनाने को कहा । भालू ने बिस्कुट और आईना



खरीदने की जिम्मेदारी ली । चूहे ने बल्ला बनाया । कठफोड़वा ने उसकी मदद की । मैना एक गेंद लाई । दोनों दल जोरशोर से खेल का अभ्यास करने लगे ।



रोज कसरत करने लगे । खेल के दिन भालू स्कूटर लेकर बिस्कुट और आईना लाने गया ।

खरगोश का दल गेंद बाजी करने लगा । सियार के दल ने बल्लेवाजी की । दूसरों ने खेल देखा । पहली गेंद पर सियार के दल का एक आउट हो गया । खरगोश का दल और



दूसरे खुशी से ताली बजाने लगे । बाजे बजाने लगे । दूसरी गेंद पर लोमड़ी के दल का एक खिलाड़ी ने छक्का लगाया । गेंद जाकर बिल में गिरी । साँप ने बिल में से गेंद निकाल लिया । खेल खत्म होनेवाला था । भालू का कहीं पता न था । गौरैया उसे ढूँढ़ने गई ।

खरगोश का दल छह विकेट से खेल जीत गया । खुशी से सब गाने लगे । बाजे बजाने लगे । उसके बाद सब अपने अपने घर वापस चलेगए ।

## अभ्यास

**१. पठित कहानी से बताओ ।**

(क) खेल से पहले क्यों सियार और खरगोश सभा बुलवाते है ?

(ख) सभा में किन-किन बातों पर चर्चा हुई ?

(ग) भालू को कौन-सी जिम्मेदारी दी गई ?

(घ) खेल में कौन-सा दल जीता ?

**२. ठीक से पढ़ो ।**

पुरस्कार, बिस्कुट, तिरस्कार, आस्का, स्कूटर, दर्पण, पर्वत, पूर्व, शर्बत, वर्षा, विद्यालय, पद्य, खाद्य, व्यायाम ।(द्‍य)

**३. पढ़ो और लिखो ।**

| | | |
|---|---|---|
| स्केल________ | सत्य________ | वर्ष________ |
| स्कूल________ | अभ्यास________ | सर्प________ |
| नमस्कार________ | गद्य________ | गर्व________ |
| पुरस्कार________ | राज्य________ | पर्व________ |

**४. सही जगह पर ( ᷇ ) (रेफ), 'य' और 'स्क' जैसे संयुक्ताक्षर लगाकर शब्द बनाओ ।**

सं ___ र, खव, विसजन, काय, दैन् ___,सत् ___, नम ___ र, गव, वाक् ___, पुर ___ र, वाह् ___

५. पढ़ो और ऐसे अपने मन से दो पंक्ति लिखो ।

देश की सीमा में है सैन्य

जीवन को करता है वह धन्य

गर्जन करती वर्षारानी

पर्वत पर्वत बरसे पानी

अच्छे कर्म से मिले पुरस्कार

गुरुजनों को करो सदा नमस्कार

______________________________

______________________________

६. सियार ने किस-किस को सभा में बुलाया होगा ?

______________________________

७. केकड़े ने किस-किस को सभा में आने की खबर दी ?

______________________________

८. विजेतादल को तुम किस प्रकार के पुरस्कार देते ? दोस्तों से बात करके लिखो ।

______________________________


९. साँप ने क्यों बिल में से बॉल निकाला होगा ?

१०. भालू क्यों सही समय पर नहीं पहुँच सका होगा ?

११. चित्र देखकर खाली जगहों पर नाम लिखो ?















पाठ-५

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३५*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ य की मात्रा रेफ ( ᐟ ) के संयुक्ताक्षर पहचानेंगे ।

☐ सही वर्तनी के साथ साफ-साफ शब्द और वाक्य लिखेंगे ।

☐ सुने गए, कहे गए, पढ़े गए और देखे हुए विषय को समझ सकेंगे

☐ सरल अनुच्छेद को पढ़ेंगे ।

**परिवेश :** ☐ जीव जन्तुओं के घर के बारे में जानेंगे ।

☐ शिक्षक बच्चो को खेल के बारे में बताएँगे । क्रिकेट खेल खिलाड़ी और खेलनेवाले देश के बारे में बताएँगे फिर पशुपक्षियों का क्रिकेट खेल कहानी सुनाएँगे ।

☐ कहानी में संयुक्ताक्षर पर जोर देते हुए बार-बार उच्चारण करेंगे ।

☐ संयुक्ताक्षरवाली चित्र, उपकरण आदि संग्रह करके बच्चों से उच्चारण कराएँगे।

☐ श्यामपट पर शब्दों को लिखेंगे, पढ़ेंगे और संयुक्ताक्षर की पहचान कराएँगे ।

☐ किताब से शब्द, अक्षर की पहचान कराएँगे ।

☐ चित्र को देखकर पशुपक्षियों के नाम पूछेंगे ।

☐ पशु पक्षियों के घर के बारे मे चर्चा करेंगे ।

☐ घरकी आवश्यकता पर बात करेंगे ।

**अभ्यास कार्य :**

☐ व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कार्य कराएँगे ।


☐ आवश्यकतानुसार शिक्षक चित्र संग्रह करेंगे ।

☐ प्रश्न ५ के जैसा मन से गीत लिखने को उत्साहित करें ।


प्रश्न ७, ९, १० जैसे अधिक प्रश्न बना सकते हैं ।

पाठ- ६

# हाथी ने मानी गिरगिट की बात



आ रहा था हाथी हिलाता सूँड़
देखकर भागा भेड़ों का झूँड़
हाथी घूसा नदी में
सूँड़ की पिचकारी से पानी खेलता
मजे में



गिरगिट ने देखा यह खेल
बोला उसे आँखें तरेर
गंदा करते हो पानी
मजा लूटने आप बुलाते हो आफत
अनजानी

सूँड़ उठाकर मुँह हिलाकर
हाथी ने पूछा सवाल
गिरगिट भाई यह तो बताना
अपने मौज के लिए मैं कैसे बना
अनजाना



गिरगिट बोला हाथी भाई
सिर बड़ा है अकल नहीं
पानी हो गया गन्दा
लोगों को लगेगा बीमरियों का फन्दा

सिर हिलाकर बोला हाथी
गिरगिट तू मेरा सच्चा साथी
मान गया मैं तेरी बात
छोटी-सी देह है तेरी
पर जानता है बड़ी बात

## अभ्यास

**१. गीत को याद करके बताओ ।**

**२. पाठ में व्यवहृत 'ण्ड' अक्षरवाली शब्द के चारों और गोला बनाओ और उस शब्द का सही उच्चारण करो ।**

**३. गीत में जो चित्र दिया गया है, उस में कौन क्या करता है लिखो ।**

हाथी __________ से पानी खेलता है ।

पानी देख भागा __________ का झूंड ।

आँखें तरेर कर ____________ हाथी को देखा ।

बच्चे के शरीर में ____________ हुआ है ।

बच्चा अपने शरीर को ____________ है ।

**४. पठित गीत से बताओ ।**



(क) हाथी कैसे आ रहा था ।

(ख) गिरगिट हाथी को क्या उपदेश देता है ?

(ग) दूषित जल से क्या-क्या बीमारियाँ होती है ?

(घ) गिरगिट का उपदेश सुन हाथी क्या कहता है ?

**५. नीचे के चित्र देखकर खाली जगहों में सही अक्षर लिखो ।**


   

गि____गि____ गि____ह____ धें____ भे____

क____पु____ली साँ____ हाँ____

६. नीचे दिए गए शब्दों को पढ़ो ।




डण्डा खण्ड खण्ड दण्ड


मुण्ड भण्डाफोड़ साण्ड

तुण्ड गैण्डा मुस्टण्डा

खाण्ड दण्ड एरण्ड



७. आओ, नीचे दिए गए अक्षर को देखें । उस अक्षर को 'ण्ड' के साथ जोड़कर नीचे की जगहों पर लिखेंगे ।




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अण्डा | | | | | | | |
| | | | | | | | |

ऐसे भी लिखा जाता है-

मुंड, डंडा, भंडा, दंड, एरंड, खाँड, साँड

८. तुम्हारे बनाए शब्दों को लेकर एक वाक्य लिखो ।

जैसे : अण्डा : मुर्गी अण्डा देती है ।

९. तुम पीने के लिए कौन-सा जल इस्तेमाल करोगे, उसी जगह पर सही (✓) चिह्न लगाओ । दोंस्तौ से बात करो ।

(क) छाना हुआ पानी ।

(ख) उबाला हुआ पानी ।

(ग) बिना छना हुआ पानी ।

१०. दूषित जल व्यवहार करने पर कौन-कौन सी बीमारियाँ होंगी रेखा खींच कर जोड़ो ।

सिर चकराना

दस्त

टायफएड़

दूषित जल व्यवहार करने पर

दाद खाज

वातज्वर

खुजली

११. किन किन कारणों से पानी गंदा होता है बताओ ।

जैसे - हाथी पानी को पैरों से गन्दा करता है ।

१२. हाथी के अलावा और कौन-कौन पानी को दूषित करते है ?

____________________

____________________

१३. अगर तुम्हारे घर के लोग नदी और कुँए का दूषित पानी इस्तेमाल करते हैं तो तुम क्या करोगे ? दोस्तों के साथ बात करो ।

पाठ- ६

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३०*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ 'ण्ड' 'ण्ढ़' संयुक्ताक्षर सीखेंगे ।

☐ सही वर्तनी के साथ परिस्कार शब्द और वाक्य लिखेंगे ।

☐ सुनेहुए, कहेगए, पढ़ेहुए और लिखेगए विषय समझ सकेंगे ।

☐ सरल पद को ऊँचे स्वर में आवृत्ति करेंगे ।

☐ शब्द और वाक्य को देखकर लिखेंगे ।

☐ परिचित शब्दों को श्रुतलेख में लिखेंगे ।

☐ पाठ में चित्र को देखेंगे । क्या देखा पूछेंगे । संयुक्ताक्षर का स्पष्ट उच्चारण कराएँगे ।

☐ गीत की आवृत्ति कराएँगे ।

☐ गीत में पद-शब्द और अक्षर की पहचान कराएँगे ।

☐ चित्र से शब्द की पहचान कराएँगे ।

☐ गीत से शब्द अक्षर चुनेंगे ।

**परिवेश :** ☐ दुषित जल से बीमारी होती है ।

☐ गिरगिट ने कहा - पद से जल के संबंध में बातें करेंगे ।

☐ साफ और गंदे जल में भेद बताएँगे ।

☐ गन्दे जल में बर्तन धोना, कपड़ा धोना, नहाना आदि काम करने से क्या असुविधा होगी चर्चा करेंगे ।

**अभ्यास कार्य :**

☐ व्यक्तिगत रुप से अभ्यास कार्य कराएँगे ।

☐ सूचना के अनुसार अभ्यास कार्य होगा ।

☐ आवश्यकतानुसार शिक्षक अधिक प्रश्न बनाएँगे ।

पाठ-७

# आओ चलें भट्टारिका

दुष्यन्त बाबू का घर आठगड़ में है । पास में देवी भट्टारिका का मन्दिर है । इसलिए वे भट्टारिका घूमने की योजना बनाते हैं । दुष्यन्त





बाबू पोते-पोतियों को साथ लेकर निकले । सब सामान का जुगाड़ किया । दादाजी के ग्रन्थ को लेना नहीं भूले ।

दीवार की घड़ी में चार बजा । वक्त पर गाड़ी आ गई । सब लोग गाड़ी में बैठ गए । छोटे बच्चे दादाजी के पास बैठने को जिद करने लगे । दादाजी ने उनको शान्ति से चुपचाप बैठने को कहा । गाड़ी मन्थर गति से गाँव की डगर पर चलने लगी ।

दादाजी ने बच्चों से पूछा, 'अरे तुम सब क्या खाओगे ?' उनकी पोती नें कहा, ''दादाजी बाहर की कोई चीज नहीं खाएँगे ? हम फल लाए हैं ।'' दादाजी ने कहा, ''हाँ-हाँ फल खाओ । सेहत अच्छी रहेगी । बाहर की चीजें खाओगे तो बीमार पड़ जाओगे ।'' दादाजी ने फिर कहा, अगर जरूरत

हो तो बाहर का ताजा टटका खाना खाओगे । लेकिन ज्यादा मत खाना । ज्यादा खाने से उल्टी, दस्त, पेट की गड़बड़ी हो सकती है ।''

बच्चों ने पूछा, ''तब कुछ न खाएँ तो क्या होगा ?''

दादाजी ने फटाक् से जवाब दिया, भूख लगेगी, थकान होगी, घूमने का मन नहीं करेगा । काम करना अच्छा नहीं लगेगा । कमजोरी महसूस होगी । उसके बाद बच्चों ने दादाजी से कहानी सुनाने का अनुरोध किया । दादाजी ने कहा घर पर सुनाऊँगा । अब अन्ताक्षरी करो । बच्चों ने अन्ताक्षरी की । आपस में हँसी मजाक किया । अन्ताक्षरी और हँसी-मजाक के बीच गाड़ी भट्टारिका पहुँच गई ।

## अभ्यास

### १. कहानी से बताओ ।

(क) आठगड़ के पास कौन-सा मन्दिर है ?

(ख) गाँव के डगर पर गाड़ी क्यों मन्थर गति से चल रही थी ?

(ग) दादाजी के पास बैठने को बच्चों ने क्यों जिद किया ?

(घ) गाड़ी से उतरने पर बच्चों ने क्या किया होगा ?

२. पाठ को पढ़ो । 'ट्ट', 'न्त', 'न्थ' संयुक्ताक्षर लगाकर पढ़ो और नए शब्द लिखो ।

ट्ट ______ ______ ______ ______ ______

न्त ______ ______ ______ ______ ______


न्थ ______ ______ ______ ______ ______

३. नीचे दिएगए अक्षरों के साथ 'न्थ' संयुक्ताक्षर लगाकर पढ़ो और नए शब्द को लिखो ।

म______न, म______र, ग्र______

४. बाहर के अक्षर के साथ भीतर के 'न्त' अक्षर लगाकर शब्द बनाओ। खाली जगहों पर लिखो ।

जैसे -




५. नीचे के शब्दों को सजाकर लिखो ।

कालिअट्टा ____________ हाट्टअस्य ____________

ज्वाभरट्टा ____________ शिट्टपष्य ____________

ट्टारिकाभ ____________

६. खाली जगहों पर 'न्त' लगाकर सही करके पढ़ो ।

वस_____ हेम_____ हल_____ अन_____

अत्य_____ निता_____ आभ्य_____र जीव_____

७. दिए गए शब्दों को पढ़ो । चित्र के नीचे सही नाम लिखो ।

(अट्टालिका, मन्थन, जन्तर, मन्तर, कन्था, दान्त, ग्रन्थ, तन्त, वृन्त)











## ८. एक वाक्य में लिखो ।

(क) दुष्यन्तबाबु कहाँ घूमने की योजना बनाते हैं ?

______________________________

(ख) अट्टालिका के सामने गाड़ी कब पहुँची ?

______________________________

(ग) गाँव की डगर पर गाड़ी कैसे जा रही थी ?

______________________________

## ९. तुम रोज क्या-क्या खाना खाते हो लिखो ।

______ ______ ______ ______ ______ ______

______ ______ ______ ______ ______ ______

## १०. खाना न खाने पर क्या होगा दोस्तों के साथ बात करके लिखो ।

______________ ______________

______________ ______________

## ११. तुम जिन कच्चे और पके फलों को खाते हो उनके नाम लिखो ।

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

१२. पहले दो वाक्यों को पढ़कर खाली जगहों को भरो ।

जैसे : गरमा गरम भात

गरमा गरम पकौड़े

______________________________

______________________________

______________________________

१३. घर में पता लगाओ कि घर में रहनेवाले पशु-पक्षी क्या खाते हैं और दोस्तों के साथ बात करो ।



पाठ-७

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३५*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ ट्ट, न्त, न्थ संयुक्ताक्षर की पहचान करेंगे ।

☐ सही वर्तनी के साथ साफ शब्द और वाक्य लिखेंगे ।

☐ सरल भाव से सहज प्रश्न के उत्तर देंगे ।

☐ सुनेगए, कहेगए, पढ़ेगए और लिखे गए विषयोंको समझ सकेंगे ।

**परिवेश :** ☐ स्वास्थ्य के लिए खाद्य की आवश्यकता जानेंगे ।

☐ शिक्षक कहानी सुनाएँगे । संयुक्ताक्षरों का उच्चारण करेंगे । ऐसे शब्दों के चित्र संग्रह करेंगे । भट्टारिका देवी के बारे में बताएँगे ।

☐ चित्र के साथ शब्द से अक्षर की पहचान करेंगे ।

☐ बाहर क्या खाने को मिलता है बात करेंगे ।

☐ घर का बना खाना और बाहर का खाना इन में से क्या खाना चाहिए चर्चा करेंगे। कब खाना बासी हो जाता है, टटका खाना क्या है कब कितना खाना चाहिए, इस

☐ पर बात करेंगे ।

जो खाता नहीं और जो ज्यादा खाता है तो उस को क्या असुविधा होती है चर्चा

☐ कीजिए ।

संयुक्ताक्षर से अन्ताक्षरी कराएँ ।

**अभ्यास कार्य :**

व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कार्य कराएँगे ।


☐ कहानी से अधिक प्रश्न बनाएँगे ।

☐ सूचना के अनुसार बच्चे उत्तर देंगे ।

☐

पाठ-८

# सुन्दर हमारा घर



कितना सुन्दर हमारा घर
नहीं जाले न धूल-धक्कड़ ।
तरह तरह के फूल मन्दार
साफ माहौल है साफ घरवार ।

घर हमारा है तट बन्ध पर
अपराजिता की लता बाड़ पर ।
पढ़ाई करके दोस्तों का मेल
खुशी से साँझ को खेले खेल ।
सुन्दर घर को हम गन्दा न करें
उदासी नहीं खुशी हम भरें ।

## अभ्यास

१. गीत की आवृत्ति करो।

२. चित्रों के नाम खाली जगहों में भरो ।



३.(क) पहला बच्चा 'न्ध' वाले शब्द को गोली मारेगा ।

बच्ची 'न्द' वाले शब्द को अपनी ओर खिंचेगी ।



(ख)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चौ | म | न्दा | कि | र |
| औ | न्द | न्दी | को | ध |
| ब | न्ध | न्धा | बा | बि |
| अ | ध | न्ध | ष | क |

४. नीचे के प्रत्येक शब्द का प्रयोग करके एक-एक वाक्य लिखो ।

चन्दोवा : ____________________

सुन्दर : ____________________

अन्धकार : ____________________

नदी बन्ध : ____________________

५. सही उच्चारण करके पढ़ो और लिखो ।

मन्दिर ________ स्वर्ण ________ अन्धकार ________

चान्द ________ पूर्णिमा ________ बन्दूक ________

सिन्दूर ________ वर्णन ________ बन्ध ________

चन्दन ________ बन्दन ________ मन्द ________

**६. पहेली को पढ़ो और बताओ ।**

मुझे देखने से तू दिखती है
गाँव शहर हर जगह मिलती है
मुझे समाये अपने अन्दर
सारे जगत को बान्धे धुरन्धर ।

**७. दोनों चित्रों में क्या अन्तर है, तुम अपने दोस्तों से बात करके लिखो ।**





८. तुम्हारा घर और विद्यालय कब साफ किया जाता है, बताओ और लिखो ।

९. नीचे कुछ बातें लिखी गई हैं । उनमें से तुम किसे सही समझते हो, आगे (✓) लगाओ ।

(क) घर के चारों ओर के कचरे को साफ करेंगे । ☐

(ख) कचरे को घर के पास जमा करेंगे । ☐

(ग) घर से दूर कचरे को गाड़ देंगे । ☐

(घ) कचरे को सड़क पर फेंक देंगे । ☐

१०. क्या करने से गन्दगी होती है ?







११. घर और घर के चारों ओर गंदगी होने पर तुम्हारा क्या नुकसान होगा ?

१२. केला खाने के बाद तुम छिलका कहाँ फेंकोगे ?





पाठ-८

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३२*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ न्द, न्ध और र्ण संयुक्ताक्षर की पहचान करेंगे ।
- ☐ शब्द का उच्चारण करेंगे ।
- ☐ सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से आवृत्ति करेंगे ।
- ☐ सरल रूप से सहज प्रश्न का उत्तर देंगे ।
- ☐ छोटे छोटे प्रश्न पूछेंगे ।
- ☐ सही वर्तनी के साथ सफाई से शब्द और वाक्य लिखेंगे ।
- ☐ सरल पद को ऊँचे स्वर में पढ़ेंगे ।

**परिवेश :**
- ☐ घर तथा चारों ओर सफाई रखने की आवश्यकता को जानेंगे ।
- ☐ चित्र को ध्यान से देंखे । क्या देखा, क्या समझा आलोचना करेंगे ।
- ☐ गीत की आवृत्ति करेंगे, बच्चों से आवृत्ति कराएँगे ।
- ☐ न्द, न्ध, र्ण वाले पद को श्यामपट पर लिख कर शब्द से अक्षर की पहचान कराएँगे ।
- ☐ साफ घर गंदे घर के अंतर विचारों के माध्यम से समझाएँगे ।
- ☐ घर क्यों साफ रखें आलोचना करेंगे ।
- ☐ घर बाहर क्यों साफ रखें आलोचना होगी ।
- ☐ बच्चों को छोटे प्रश्न पूछने का मौका देंगे ।

**अभ्यास कार्य :**
- ☐ गीत की आवृत्ति कराएँगे।
- ☐ व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कार्य करेंगे ।
- ☐ प्रश्न ६ की तरह शिक्षक पहेली बना सकते हैं ।
- ☐ आवश्यकतानुसार बच्चों को अधिक प्रश्न देंगे ।

पाठ-९

# रम्भा ने नई जगह देखी




लड़की का नाम है रम्भा । आम्बपाली गाँव में मौसी बीमार थी । माँ के साथ रम्भा मौसी से मिलने के लिए निकली ।

रम्भा : माँ, यह कौन-सा विद्यालय है ?


माँ : इसका नाम आम्बपाली सरकारी विद्यालय है । मैं यहाँ पढ़ती थी ।

रम्भा : माँ, इस बगीचे में कौन-कौन से पेड़ हैं ?

माँ : रम्भा, यह गम्भारी का पेड़ है । उधर देखो, चम्पा, आम, कटहल और अड़हुल (मन्दार) के पेड़ हैं ।

रम्भा : इतने बड़े बगीचे को पानी कहाँ से मिलता होगा ?

माँ : देखती नहीं कितना बड़ा कुआँ है । बड़े बड़े कुएँ को बाम्फी या बावड़ी कहते हैं । वहाँ से पम्प से पानी निकालकर बगीचे को सींचा जाता है ।



रम्भा : क्या मैं यहाँ खेलूँ ?

माँ : हाँ, जाओ, उस रपटन में खेलो ।

रम्भा : माँ इस विद्यालय में क्या-क्या होता है ?

माँ : यहाँ पढ़ाई होती है । यहाँ पढ़कर बच्चे बहुत सी बातें सीखते हैं । सरकारी विद्यालय में सभी बच्चों को मुफ्त में पुस्तकें, पोशाक और भोजन दिया जाता है । यहाँ अमीर और गरीब सबको पढ़ाई का मौका मिलता है ।

रम्भा : माँ, यह कौन-सा घर है ?

माँ : यह कुम्भारपुर ग्राम पंचायत का दफ्तर है।

रम्भा : इस दफ्तर में क्या काम होता है ?



माँ : ग्राम पंचायत गाँव की सड़कें बनाती और मरम्मत करती है । ग्राम पंचायत तालाब खुदवाती हैं ।



रम्भा : माँ, यहाँ क्या हो रहा है ?

माँ : देख, यहाँ एक सभा हो रही है । सरपंच ग्राम पंचायत के मुखिया



हैं । ग्राम पंचायत गाँव का हालचाल देखती है । गाँव-गाँव के बीच होनेवाले झगड़े-झंझटों का समाधान करती है ।

रम्भा : ग्राम पंचायत कैसे गठित होता है ?

माँ : एक बड़ा गाँव या कई छोटे-छोटे गाँवों को लेकर ग्राम पंचायत बनाया जाता है ।




रम्भा : इस आदमी को कहाँ ले जा रहे हैं माँ ?

माँ : इसको अस्पताल ले जा रहे है ? वहाँ डाक्टर, नर्स और दूसरे लोग काम करते हैं । यहाँ मुफ्त में रोगी की जाँच होती है । दवाएँ दी जाती हैं । तेरी मौसी अब यहीं है ।



रम्भा : माँ, इन फलों को कहाँ रखूँ ?

माँ : उन फलों को स्टूल पर करीने से सजाकर रख दो ।



## अभ्यास

१. पाठ में 'म्प' वाले शब्द के चारों ओर ◯ बनाओ और 'म्फ' वाली शब्द को △ में रखो ।

२. सही उच्चारण करके पढ़ो ।

| | | |
|---|---|---|
| चम्पा | कम्पास | पम्पा |
| चम्पक | चिम्पाजी | गुम्फा |

३. पढ़ो और लिखो ।

| | | |
|---|---|---|
| सम्पद | गुम्फन | लम्फ |
| कम्पन | सम्पादक | बाम्फी |

ऐसे भी लिखते हैं -

संपद गुंफन कंपन चंपा कंपास

४. नीचे के लेख को पढ़ो । 'म्ब' वाले शब्द के नीचे रेखा खींचो और 'म्प'वाले शब्द के ऊपर रेखा खींचो ।

''सम्बलपुर जिले में आम्बझर गाँव है । वहाँ बानाम्बर कुम्भार रहता है । उसकी उम्र लगभग चौबीस या पच्चीस होगी । देखने में लम्बा, गोरा, चौड़ी छाती, लम्बे-लम्बे हाथ । उसमें बड़ा दम्भ है । आपदा से नहीं डरता है । उसका कहना है कि असम्भव कुछ भी नहीं । हम चाहें तो सबकुछ सम्भव हो सकता है।''

५. सही उच्चारण करके पढ़ो ।

खम्ब कम्बल दम्भ सम्भव

कुम्भ कदम्ब तुम्हें निम्ब

लम्ब शिम्ब गम्भीर

६. पढ़ो और लिखो ।

एक नम्बर शाम्बदशमी असम्भव कुम्भ

सूची चुम्बक मुम्बई नगरी नीला अम्बर

७. आओ गाएँ ।

आम बौरता है फागुन में

दिशा महके उसके सुवास में

८. शब्दों को पढ़ो और दोस्त को लिखने को बोलो ।

कम्पास, गुम्फा, सम्पद, असम्भव, गम्भीर, चुम्बक, कम्बल, कदम्ब, सम्वाद


## ९. पढ़ो लिखो और याद रखो ।

गुम्फा अत्यन्त सुनिर्मल, बाम्फी का जल सुशीतल ।

सम्पद काल में सब सखा, आपदा में कोई न दिखा ।

मगरमछ बड़ा भयंकर, नाश करता है कई नारी नर ।


## १०. 'म्भ' वाले शब्दों के पासवाले बिन्दुओं को जोड़ो और देखो तुम्हें कौन सा चित्र मिला ।





## ऐसा लिखना भी सीखो ।

दंभ, बिंब, लंब, खंभा, पंप, रंभा, स्तंभ, चुंबक, आरंभ, विलंब, गंभीर, संभव, कुंभ, संभार, अंबिका

## ११. चित्र देख नाम पूरे करो ।

नि____ कद____ चु____क चि____जी

क____स च____फूल बा____ क____ल

## १२.(क) 'म्प' 'म्पा' 'म्पि' अक्षरों से सही अक्षर चुनकर खाली जगहों को भरो ।

क____स प____ शा____

क____न अलि____क चि____जी

च____ क____स अ____यर

## (ख) म्ब, म्बा, म्बि, म्बु, म्भ-में से सही अक्षर लगाकर शब्द लिखो ।

विल____ ता____ ____म्पा

क____ल क____न अ____का

द____ गु____द अ____

## १ ३ . चित्रों के साथ सही संबंधों को जाड़ो ।

| | |
|---|---|
| यहाँ रोगियों की जाँच करके दवाई दी जाती है । डाक्टर, नर्स, धाय, कम्पाउण्डर यहाँ काम करते हैं। |  |
| यहाँ गाँव के हालचाल देखा जाता है । सड़कों की मरम्मत, परिवेश साफ रखना, तालाब खुदवाना आदि कार्य होते हैं । |  |
| बच्चे यहाँ पढ़ते हैं । शिक्षक शिक्षिका पढ़ाते हैं । बच्चे पढ़कर बड़े होते हैं । |  |

## १ ४ . अक्षरों को सजाकर लिखो ।

**जैसे -** म्भाकुर — कुम्भार

वसम्भ ________ म्बचुक ________

सकम्पा ________ रआम्भ ________

कलम्ब ________ गरम्भी ________

कम्बद ________

नरम्ब ________

**१५. आओ हम बात करें और लिखें ।**

(क) तुम्हारा घर किस ग्राम पंचायत में आता है ?

________________________________________

(ख) तुम्हारे ग्रामपंचायत के सरपंच का नाम क्या है ?

________________________________________

(ग) ग्रामपंचायत में क्या-क्या काम होते हैं ?

________________________________________

(घ) तुम्हारे विद्यालय का नाम क्या है ?

________________________________________

(ङ) तुम्हारे विद्यालय में पढ़ाई से पहले किए जाने वाले दो कार्यों के नाम लिखो ।

________________________________________

१६. सही चुनो ।

(क) बीमार होने पर हम किसके पास जाएँगे - डाक्टर, ओझा, वैद्य

१७. सोच के विचार करके लिखेंगे ।

(क) तुम्हारे अंचल में अस्पताल न हो तो क्या असुविधा होगी ?

___________________________

___________________________

___________________________

(ख) तुम्हारे गाँव में विद्यालय न हो तो तुम्हें क्या असुविधा होती ?

___________________________

___________________________

___________________________

(ग) तुम्हारे गाँव के लोग बीमार पड़ने पर कहाँ जाते हैं लिखो ।

___________________________

___________________________

___________________________

(घ) तुम्हारे विद्यालय में क्या-क्या है लिखो ।

___________________________

___________________________


___________________________

(ङ) तुम्हारी कक्षा में क्या-क्या है लिखो ?

___________________________

___________________________

# १८. मेरे पास पहुँचो



अम्बर
मेम्बर
कम्बल
बाम्फी
चम्पक
अम्बिका
चिम्पाजी
स्तम्भ
ताम्बा
दम्भ
खुम्भा
सम्भव
नम्बर
सम्बलपुर
चम्पाफूल
साम्ब
कम्पन
गुम्बद
विलम्ब

पाठ-९

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ५४*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ म्प, म्फ, म्ब, और म्भ संयुक्ताक्षर की पहचान ।

☐ शब्द का स्पष्ट उच्चारण करेंगे ।

☐ सही वर्त्तनी के साथ साफ-साफ शब्द और वाक्य लिखेंगे ।

☐ संयुक्ताक्षरों को श्रुतलेख में लिखेंगे ।

☐ सुने गए, पढ़े गए, कहे गए और लिखे गए विषयों को समझ सकेंगे ।

**परिवेश :** ☐ हमारे अँचल के महत्वपूर्ण स्थान, विद्यालय, पंचायत, स्वास्थ्य केन्द्र के विषय में पहले शिक्षक पढ़ेंगे । पाठ में दिए गए चित्र और लेख को समझेंगे । पाठ को तीन भागों में बाँटा गया है । उन में से अक्षर निकाल कर सिखाएँ ।

☐ आपस में बातचीत का मौका देंगे ।

☐ विद्यालय के बारे में बच्चों के साथ चर्चा कीजिए ।

☐ संयुक्ताक्षर की पहचान कराइए उनके उच्चारण कराइए । उस पर प्रश्न पूछ सकते हैं । शब्दों को श्यामपट पर लिखकर पहचान कराइए ।

☐ विभिन्न पौधे लगाइए और उसकी पहचान कराइए ।

☐ विद्यालय के बाद पंचायत और स्वास्थ्य केन्द्र के बारे में पढ़ाएँगे । चर्चा करेंगे ।

☐ चर्चा के बाद संयुक्ताक्षर की पहचान कराएँगे ।

☐ बच्चों को अनुभूति वर्णन करने को कहेंगे ।

**अभ्यास कार्य :**

☐ अभ्यास कार्य निर्दश के अनुसार करें ।

☐ प्रश्न ७ और ९ के गीत पूछिए । ऐसे और गीत संग्रह करवाइए ।

☐ १० नं चित्र किसके हैं ... पूछें ।

☐ प्रश्न १५, १७ की आलोचना करें और व्यक्तिगत रूप से लिखने दें ।

☐ अभ्यास प्रश्न पूछेंगे ।

पाठ-१०

# गाँव घूमना

पुरुषोत्तमपुर गाँव में तिलोत्तमा देवी का घर है । प्रथमाष्टमी के लिए दो दिन




बाकी थे । तिलोत्तमा देवी अपनी बेटी अनुष्का को साथ लेकर बाजार चलीं । रास्ते में देखकर अनुष्का ने पूछा, ''माँ, यहाँ क्या होता है ?














तिलोत्तमा देवी ने जवाब दिया, ''यह डाकघर है । यहाँ पोष्टकाई, लिफाफा, अन्तर्देशीय पत्र, टेलिग्राम के फॉर्म वगैरह मिलते हैं। दूसरी




जगहों पर पैसा भिजवाना और खबर भिजवाने के काम में डाकघर मदद करता है । आजकल मोबाईल फोन से कम समय में दूर-दूर तक खबर भेजी जा सकती है ।

कुछ दूर निकलने पर अनुष्का ने एक मसजिद देखी और पूछा, ''माँ यह क्या हैं ?'' माँ ने बताया यह मसजिद है । मुसलमान लोग यहाँ प्रार्थना करते हैं। हिन्दूलोग मन्दिर में पूजा पाठ करते हैं । भजन-कीर्तन करते हैं । उसी प्रकार ईसाई लोग गीर्जा में प्रार्थना करते है । शिख लोग गुरुद्वारे में प्रार्थना करते है ।



मस्जिद, मन्दिर, गीर्जा, गुरुद्वारा एक एक धार्मिक अनुष्ठान है । सब धर्म एक समान है । कोई छोटा बड़ा नहीं होता ।





अनुष्का ने पूछा, ''माँ, हम कपड़े नहीं खरीदेंगे ?'' तिलोत्तमा देवी ने कहा, ''हाँ, हम तो बाजार के पास पहुँच गए हैं ।''

अनुष्का ने कहा, ''माँ तुम जिस हाट में जाती हो वहाँ क्या है ?'' तिलोत्तमा देवी ने कहा, ''हाट हफ्ते में एक या दो बार लगती है । तरह तरह की चीजें मिलती हैं । भिन्न-भिन्न क्षेत्र से लोग आकर यहाँ खरीद-बिक्री करते हैं । हाट खत्म होते ही सारी दुकानें बन्द हो जाती हैं । एक जगह तरह-तरह की दुकानें हों तो उसे बाजार कहते हैं । यह हर दिन खुला रहता है ।'' बाद में अनुष्का के कपड़े खरीदे गए । वह खुशी से घर वापस आई ।



## अभ्यास

**१. पढ़ो ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नष्ट | शुष्क | वृत्त | षष्ठ |
| कष्ट | कनिष्क | उत्ताप | ओष्ठ |
| मुष्टि | परिष्कार | कार्त्तिक | श्रेष्ठ |
| तुष्ट | पुष्करिणी | उत्तम | निष्ठा |

**२. पढ़ो और लिखो ।**

| | | |
|---|---|---|
| सन्तुष्ट ________ | आविष्कार ________ | देवदत्त ________ |
| वृष्टि ________ | पुरस्कार ________ | उत्तर ________ |
| दुष्ट ________ | अपरिष्कार ________ | शर्मिष्ठा ________ |
| सन्तुष्ट ________ | वशिष्ठ ________ | कनिष्ठ ________ |

**३. संयुक्ताक्षर के अनुसार नीचे की कोठरी में शब्द सजाओ ।**

वृष्टि, शुष्क, सृष्टि, ओष्ठ, उत्तर, कनिष्क, उत्ताप, निष्ठा, वृत्ति, निष्कासन, चेष्टा, पुष्करिणी, दुष्ट, ज्येष्ठ, शिष्ट ।

| ष्ट | ष्क | ष्ठ | त्त |
|---|---|---|---|
| | | | |

## ४. पढ़ो और लिखो ।

(क) ज्येष्ठ महीने में सूर्य का उत्ताप अधिक रहता है ।

______________________________

(ख) प्रभु रामचन्द्र लक्ष्मण के ज्येष्ठ भाई हैं ।

______________________________

(ग) सम्बलपुर में शीतलषष्ठी एक प्रसिद्ध त्यौहार है ।

______________________________

(घ) अनुष्का का भाई षष्ठ श्रेणी में पढ़ता है ।

______________________________

(ङ) दुष्ट लोगों से दूर रहो ।

______________________________

(च) निष्ठावान लोग हमेशा उन्नति करते हैं ।

______________________________

(छ) कभी भी दुष्ट मत बनो ।

______________________________

(ज) शान्तशिष्ट बच्चों से सब प्यार करते हैं ।

______________________________

(झ) राष्ट्रीय सम्पत्ति को नष्ट करना उचित नहीं है ।

______________________________

(ञ) हमेशा परिष्कार रहो और अपने-चारों ओर परिष्कार रखो ।

______________________________

## ५. शब्द बनाओ ।




## ६. खाली जगहों पर किसी दो के चित्र बनाओ ।

पोष्टकार्ड का चित्र

वृत्त का चित्र

वृष्टि का चित्र

## ७. खाली जगहों को भरो ।

सृ ________ ष ________ पृ ________

सम ________ पु ________ वृ ________

ओ ________ नि ________

## ८. कहाँ जाएँगे -

(क) पोस्टकार्ड़ खरीदने के लिए ____________________

(ख) सब्जी खरीदने के लिए ____________________

(ग) कपड़े खरीदने के लिए ____________________

(घ) पैसे भेजने के लिए ____________________

## ९. उत्तर लिखो -

(क) तुम्हारे गाँव के डाकखाने में क्या-क्या मिलता है ?

________________________________________

________________________________________

(ख) तुम्हारे अंचल के लोग पैसा कहाँ जमा करते हैं ?

________________________________________

________________________________________

(ग) डाकखाने में क्या-क्या काम होता है ?

________________________________________

________________________________________

(घ) तुम्हारे घर के पास कौन-कौन से धार्मिक अनुष्ठान हैं ?

________________________________________

________________________________________

(ङ) तुम्हारे गाँव / अंचल में किस दिन हाट लगती है ? उस हाट में क्या-क्या मिलता है ?

________________________________________

________________________________________

(च) तुम्हारे गाँव के बाजार कहाँ है ? गाँव के लोग बाजार से क्या-क्या खारीदते हैं ?

________________________________________

________________________________________

(छ) अगर तुम्हारे गाँव में हाट न होती तो तुम्हे क्या असुविधा होती ?

________________________________________

________________________________________

(ज) किसी कारण से तुम्हारे अंचल / गाँव में डाकखाना बन्द कर दिए जाए दो तुम्हें क्या-क्या असुविधा होगी ?

________________________________________

________________________________________

# अबतक हमने क्या सीखा

| | | |
|---|---|---|
| ल की मात्रा ल | न/म - न्, म् | 'व' की मात्रा 'व' |
| 'य' की मात्रा 'य' | रेफ ( र् ) | स्क |
| ण्ड | ण्ढ | ट्ट |
| न्त | न्थ | न्द |
| न्ध | म्प | म्फ |
| म्ब | म्भ | ष्क |
| ष्ट | ष्ठ | त्त |
| क्य | ण्व | र्ण |







पाठ-१०

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ४०*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ ष्क, ष्ट, ष्ठ, त्त आदि संयुक्ताक्षर की पहचान करेंगे ।
- ☐ सही वर्त्तनी युक्त शब्द पढ़ेंगे ।
- ☐ सीखेहुए संयुक्ताक्षरों को सही लिखेंगे ।
- ☐ सही वर्तनी के साथ सफाई से शब्द और वाक्य लिखेंगे ।
- ☐ सुने गए, कहे गए, पढ़े गए, लिखे गए विषय को समझ सकेंगे ।

**परिवेश :**
- ☐ हमारे अंचल के महत्तवपूर्ण स्थान हाट, बाजार, प्रार्थनास्थल, डाकघर ।
- ☐ शिक्षक पाठ को पूरी तरह पढ़ेंगे और जगहों को अलग करेंगे ।
- ☐ प्रत्येक धर्मस्थान / पीठ पर महत्व दिया गया है । आवश्यकतानुसार पाठ के बारे में अधिक जानकारी संग्रह करेंगे ।
- ☐ बच्चों को चित्रों को ध्यान से दिखाएँगे ।
- ☐ चित्र को देखकर बच्चे प्रार्थना स्थल की अनुभूति कक्षा में सुनाएँगे ।
- ☐ डाकघर संबंध में अधिक तथ्य संग्रह करेंगे ।
- ☐ पहले डाकघर भाग की आलोचना कराएँगे / नए संयुक्ताक्षरों को श्यामपट पर लिखेंगे और पहचान कराएँगे ।
- ☐ अधिक संयुक्ताक्षर वाले शब्द पूछेंगे ।
- ☐ बच्चों को शब्दों के साथ खेलने देंगे । उच्चारण की सुविधा अधिक देंगे ।
- ☐ धर्मपीठों के चित्र बच्चे संग्रह करेंगे ।
- ☐ विभिन्न चित्रों के आलबम बनायेंगे ।


**अभ्यास कार्य :**
- ☐ अभ्यास कार्य निर्दश के अनुसार कराएँगे ।
- ☐ १ नं शब्दों को पढ़ने के बाद पूछे जाएँगे ।
- ☐ प्रश्न ९ की चर्चा करेंगे अगल -अलग लिखने को देंगे ।
- ☐ प्रत्येक प्रश्न के उत्तर कक्षा में बताएँगे ।

पाठ-११

# चित्र देखकर कहानी सुनाओ

एक दिन हुई सभा चींटियों की
सोचा खेती करें गन्ने की ।
क्यारियाँ बनाईं बड़े जतन से
पौधे लगाए सब करीने से ।
खेतों को घेर दिया बाड़ से
रखवाली का काम लिया बन्दर से।
गन्ना बढ़कर हुआ तैयार
हाथी के मुँह से टपकी लार ।





क्यारियों में घुस गया हाथी
पेड़ से चीखने लगा कपि ।
सुनकर चींटियाँ दौड़ी आईं
हाथी चींटियों में हुई लड़ाई ।
काटा चींटियों ने तो न हुआ सहन
भागा हाथी लेकर जीवन ।
न रहा अब हाथी का डर
खुशी से चींटियाँ उड़ी फर्र फर्र ।
हाथी खाए हमारी सम्पत्ति
क्यों छोड़ें हम चींटी की जाति ।

## अभ्यास

**१. पढ़ो और लिखो ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| डेस्क | डे ______ | कनिष्क | कनि ______ |
| वाद्य | वा ______ | समष्टि | सम ______ |
| कन्दमूल | क ______ मूल | वलिष्ठ | वलि ______ |
| कम्पन | क ______ न | सम्पत्ति | सम्प ______ |
| कम्पास | क ______ स | सिन्धु | सि ______ |

**२. सजाकर लिखो ।**

आदल्हा ______ विसश्वा ______

नरमस्का ______ सअभ्या ______

बकन्दू ______ वन्तस ______

**३. पद्य को पढ़कर उत्तर लिखो ।**

(क) चींटियों ने किसकी खेती करने का विचार किया ?

______________________________

(ख) किसने खेती की रखवाली की ?

___________________________________________

(ग) क्या देखकर हाथी के मुहँ से लार टपकी ?

___________________________________________

(घ) बन्दर कहाँ से आवाज देता है ?

___________________________________________

(ङ) बन्दर की आवाज सुनकर चींटियों ने क्या किया ?

___________________________________________

(च) चींटियों ने हाथी से गन्ने के खेत को कैसे बचाया ।

___________________________________________

**४. हम खेत में क्या-क्या फसल उगाते हैं ?**

जैसे - गन्ना ______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

५. नीचे के चित्रों को देखो और प्रश्नों के उत्तर दो ।



(क) दस पक्षियों के नाम लिखो ।

________________________________________

________________________________________

________________________________________

(ख) पक्षी कहाँ रहते हैं ?

________________________________________

(ग) किन पक्षियों का रंग काला है ?

________________________________________

________________________________________

(घ) किन पक्षियों का रंग पीला है ?

________________________________________

(ङ) कौन-से पक्षी पानी में से मछली पकड़ते हैं ?

________________________________________

(च) कौन-से पक्षी मरे हुए जीव खाते हैं ?

________________________________________

६. नीचे दिए गए पक्षियों के नाम से उनके रंगों के अनुसार सही कोठरी में लिखो ।

बगुला, तोता, हंस, वसन्ती, कौवा, चील, कोयल, गिद्ध ।



७. पक्षी की पहचान कर रंग भरो ।

पाठ-११

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- २२*

**क्या सीखेंगे -**


**भाषा :**
- ☐ बच्चे समूह रुप से और एक-एक करके पद्य की आवृत्ति करेंगे ।
- ☐ सरल भाव से सहज प्रश्नों के उत्तर देंगे ।
- ☐ छोटे छोटे प्रश्न पूछेंगे ।
- ☐ सरल पद का ऊँचे स्वर में पढ़ेंगे ।
- ☐ छोटे-छोटे जीव अपनी एकता से बड़े जीव का मुकाबला कैसे करें, यही मूल्यबोध बताया गया है ।
- ☐ संयुक्ताक्षरों की पुनरावृत्ति हुई है ।

**परिवेश :**
- ☐ पशु पक्षियों की पहचान कराएँगे ।
- ☐ चित्र को ध्यान से देखें । क्या देखा और समझा बात करेंगे ।
- ☐ गीत की आवृत्ति करेंगे और बच्चों से आवृत्ति कराएँगे ।
- ☐ चींटियों ने कैसे अन्याय का प्रतिवाद किया उसकी सूचना देंगे और आलोचना करेंगे ।
- ☐ बच्चों को छोटे-छोटे प्रश्न पूछने का मौका देंगे । गीत की आवृत्ति करेगें।

**अभ्यास कार्य :**
- ☐ व्यक्तिगत रूप से अभ्यास करेंगे ।
- ☐ शिक्षक मन से अनेक शब्द दे सकते हैं ।
- ☐ शिक्षक बच्चों को पाठ १० के बीच में से संयुक्ताक्षर श्रुतलेख के लिए देंगे ।
- ☐ अभ्यास प्रश्न ६ और ७ की तरह अन्य प्रश्न दे सकते हैं ।

पाठ-१२

# हमारा गाँव



हमारे गाँव का नाम पुष्पपुर है । इसके चारों और हरे भरे खेत हैं । कुछ ही दूरी पर एक छोटी-सी नदी कलकल करती बहती है । गाँव के एक छोर पर शिवजी का मन्दिर है । गाँव में आधे से ज्यादा लोग खेती करके अपना पेट पालते हैं । खेत में धान, गेहूँ, मूँग, उड़द और मूँगफली की खेती होती है । लोग अपने परिवार के लिए अनाज रखने के बाद बाकी अनाज बेच देते हैं । लिहाजा दूसरे लोगों को आसानी से अनाज मिल जाता है ।



गाँव के कुछ और लोग लकड़ी के खाट, कुर्सी, मेज, किवाड़, खिड़की आदि बनाते हैं । उनको बढ़ई कहते हैं । जिसे जो चीज चाहिए वह उचित दाम देकर खरीद लेता है ।

गाँव में कई तरह के त्यौहार मनाए जाते हैं । लोग आपस में मिलजुलकर खुशी-खुशी त्यौहार मनाते हैं । गाँव के परिवेश को हरा भरा रखने के लिए लोग वृक्षरोपण करते हैं । लिहाजा गाँव के कुछ ही दूरी पर एक सुन्दर जंगल पनप उठा है । इससे स्पष्ट होता है कि सत् परिश्रम कभी निष्फल नहीं जाता ।




गाँव के बहुत सारे लोग फूलों की खेती करते हैं । इसलिए गाँव का नाम पुष्पपुर रखा गया है ।



गाँव के कुछ लोग मिट्टी से हाण्डी, मटका, कुल्हड़ बनाते हैं ।






और कुछ लोग लोहे का काम करके पेट पालते हैं । वे हँसिया, कटारी, पहँसुल, पलटा, फावड़ा, कुदाल आदि बनाते हैं ।

कुछ लोग गाँव के लोगों के मैले कपड़ों की सफाई करते हैं । उन्हें साबुन और डिटरजेण्ट से साफ करते हैं और इस्त्री करके मजदूरी लेते हैं ।






गाँव के कुछलोग नदी, नाले और तालाब से मछली पकड़कर पेट पालते हैं । कुछ लोग गाय, भैंस आदि पालते हैं। वे दूध बेचकर अपना गुजारा करते हैं ।

हमारे गाँव के वाचस्पति महारणा एक मूर्त्ति कारीगर हैं । वे पत्थर से सुन्दर सुन्दर मूर्त्तियाँ बनाते हैं । उनके हाथों के स्पर्श से पत्थर की मूर्त्तियाँ जीवन्त हो उठती हैं ।



गाँव के लोग भिन्न-भिन्न काम करते हैं पर उनका मन एक है । उनका आपस में अच्छा समझौता है । कोई किसी को छोटा नहीं समझता । सब मिलजुल कर रहते हैं । एक साथ मिल कर फैसला लेते हैं ।

# इनको पहचाने



## अभ्यास

**१. उच्चारण करके पढ़ो और लिखो ।**

| | | |
|---|---|---|
| स्पष्ट ______ | निष्फल ______ | काल्पनिक ______ |
| पुष्प ______ | निष्पाप ______ | कास्पिअन ______ |
| गल्प ______ | आस्पर्द्धा ______ | कल्पतरु ______ |
| स्प्रिंग ______ | स्फुलिंग ______ | स्पर्शेन्द्रिय ______ |
| स्पर्द्धा ______ | स्पर्शक ______ | पुष्पाञ्जलि ______ |
| स्फूर्त्ति ______ | अल्पायु ______ | आस्फालन ______ |

**२. पाठ से 'ल्प' 'स्प' 'ष्प' अक्षर वाले शब्दों को चुनकर लिखो ।**

ल्प ______ ______ ______ ______ ______

स्प ______ ______ ______ ______ ______

ष्प ______ ______ ______ ______ ______

**३. वृत्त में से अक्षर लेकर खाली जगहों को भरो ।**

(वृत्त: ष्प, स्पा, ल्पि / स्फ, स्प, ष्क, ल्प / स्फ)

| | |
|---|---|
| नि ______ क्ष | गा ______ क |
| नि ______ ल | अ ______ युष |
| पर ______ र | ______ टिक |

४. 'क' स्तम्भ के साथ 'ख' स्तम्भ के उपयुक्त शब्द चुनकर जोड़ो ।

| 'क' | 'ख' |
| --- | --- |
| इस्पात | वाष्प |
| अल्प | कल्पवट |
| वाष्प | आस्फालन |
| निष्फल | इस्पात |
| कल्पवट | निष्फल |
| आस्फालन | अल्प |
| आस्पर्द्धा | गल्प |
| गल्प | निष्पत्ति |
| निष्पत्ति | आस्पर्द्धा |

५. वाक्यों को पढ़ो और देख देख कर लिखो ।

(क) पश्चिम दिशा में अल्प मेघ निकला है ।

_______________________________ ।

(ख) कई वृक्ष पुष्पवन्त हैं किन्तु निष्फल हैं ।

_______________________________ ।

(ग) जल गर्म होने पर वाष्प होता है ।

_______________________________ ।

(घ) वृथा आस्फालन ठीक नहीं ।

______________________________ ।

(ङ) स्पृहा के विना कोई काम नहीं होता ।

______________________________ ।

## ६. पाठ को पढ़कर उत्तर लिखो ।

(क) किसान क्या-क्या फसल उगाते हैं ?

______________________________ ।

(ख) मिट्टी के कारीगर मिट्टी से क्या-क्या बनाते हैं ?

______________________________

______________________________

(ग) लकड़ी के कारीगर क्या-क्या बनाते हैं ?

______________________________

______________________________

(घ) गोपालक क्या-क्या चीजें बेचते हैं ?

______________________________

______________________________

(ङ) वाचस्पति महारणा क्या करते हैं ?

________________________________

________________________________

(च) हमारे गाँव के लोग कैसे रहते हैं ?

________________________________

________________________________

**७. तुम्हारे गाँव / अंचल के लोग क्या-क्या काम करते हैं ?**

________________ ________________

________________ ________________

________________ ________________

**८. पहेलियों को पढ़ो । खाली जगहों पर काम का नाम लिखो ।**

(क) रौंदी मिट्टी चाक पर रखता
बना देता हैं हाण्डी मटका

(ख) नए कपड़ों को काटता फटे पुराने जोड़ता
नई नई पोशाक सब हमारे लिए बनाता ।

(ग) ताँत चलाकर कर मेहनत

कपड़े थान बुनते हैं



कम कीमत में हमें देकर

सबके मन को मोहते हैं ।

**९. कोठरी के भीतर पासपास के अक्षरों को जोड़ने पर एक काम का नाम मिलेगा । नाम खोजकर बक्से में लिखो ।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| म | | सु | ना | का | म | णा |
| | का | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

१०. चित्रों के साथ दाहिनी ओर के जिस पेशे के 'साथ संपर्क हैं, उसे रेखा खींच कर जोड़ो ।

| | |
|---|---|
|  | खेतीका काम |
|  | लकड़ी का काम |
|  | घर बनाने का काम |
|  | रोगी सेवा |
|  | पढ़ाई |

११. अगर तुम्हारे घर में कोई काम न करें तो क्या असुविधा होगी ?

______________________________________________

______________________________________________

१२. ये लोग क्या काम करते हैं ? चित्र देखकर लिखो ।



______________________________

______________________________

______________________________









१३. तुम्हारे गाँव में एक किसान क्या-क्या फसल उगाता है, पूछकर तालिका बनाओ ।



१४. 'क' स्तम्भ में कई काम के बारे में बताया गया हैं । 'ख' स्तम्भ में दिए गए काम के नाम के साथ रेखा खींच कर जोड़ो ।

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| कपड़ों की सफाई करके इस्त्री करना | मिठाई बनाने का काम |
| रेत और सिमेंट से ईंट, पत्थर जोड़कर घर बानाना | कपड़े धोने का काम |
| रसगुल्ला, लड्डू, जलेबी, खाजा, आदि | राजमिस्त्री का काम |
| लोगों का नाप लेकर कमीज, पतलून आदि बनाने का काम | रोगीसेवा का काम |
| विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने का काम | साइकिल मरम्मत का काम |
| बीमारी में रोगियों का इलाज कर दवाई देना | दरजी का काम |
| लोगों के साइकिल खराब होने पर मरम्मत करना | पढ़ाई का काम |

पाठ-१२

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ४५*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ स्प, ल्प, स्प, स्फ, ष्प, ष्क आदि संयुक्ताक्षरों की पहचान करायेंगे ।
- ☐ वर्तनी युक्त शब्द पढ़ना सीखेंगे ।
- ☐ सीखे हुए संयुक्ताक्षरों का सही रूप लिखेंगे ।
- ☐ सही वर्तनी के साथ स्पष्ट शब्द लिखेंगे ।
- ☐ सुने गए, कहे गए, पढ़े गए और लिखे गए विषय को समझ सकेंगे ।


**परिवेश :**
- ☐ गाँव बस्ती में पेशे की पहचान करेंगे ।
- ☐ जीवन धारण के लिए पेशे / कार्य की आवश्यकता जानेंगे ।
- ☐ शिक्षक पाठ को पढ़ेंगे । चित्र, गीत और उपकरणों के संबंधों में धारणा देंगे ।
- ☐ चित्रों को दिखाएँगे । बच्चे चित्रों को ध्यान से देखेंगे ।
- ☐ चित्रों में क्या देखा चर्चा करेंगे ।
- ☐ गीत गाने के लिए कहेंगे और किसके बारे में लिखा गया पूछेंगे ।
- ☐ जुवे और कुदाल जैसे और कौन-सी चीजें खेती बाड़ी के काम में इस्तेमाल किया जाता है बताएँगे । चित्र में कम बताया गया है । बच्चे अधिक जानते होंगे।
- ☐ देखे हुए काम की चर्चा करेंगे ।
- ☐ यहाँ ८ चित्र / काम के बारे में बताया गया हैं । इस विषय में बच्चों को अधिक धारणा कराएँगे।
- ☐ संयुक्ताक्षरों को किताब से छाँटकर श्यामपट पर लिखेंगे । और उसकी पहचान कराएँगे । बच्चों से उच्चारण कराएँगे । बच्चे आपस में पूछ पूछ कर उच्चारण के मौका पैदा करेंगे ।


**अभ्यास कार्य :**
- ☐ प्रत्येक अभ्यास कार्य के लिए सूचना दी गयी है ।
- ☐ प्रश्न ८ की आलोचना कराएँगे और अभ्यास कार्य को खुद करने को कहेंगे ।
- ☐ कक्षा में सभी प्रश्न के उत्तर पूछे जाएँगे ।
- ☐ श्रुत लेखन पर महत्त्व देंगे ।
- ☐ १ ३ नं प्रश्न का उत्तर घर से पूछकर लिखेंगे ।
- ☐ अभ्यास प्रश्न ४ में कुछ संयुक्ताक्षरों को विकल्प रूप से लिखा गया है जैसे - इस्पात - इस्‌पात, स्प, ल्प, ष्क आदि हल् चिह्न लगाकर लिखा जा सकता है ।
- ☐ वस्त्र, अस्त्र जैसे शब्दों में 'स' में त्र की मात्रा लगाया गया है ।

पाठ-१३

# चित्र देखकर कहानी सुनाओ

सर्दी की एक सुबह । चारों ओर कुहासा छाया है । मेढ़क सर्दार का गायक दल इकट्‌ठे हुए हैं । सर्दार ने जिस नए सुर का उद्‌भावन किया है, उसका अभ्यास किया जाएगा । निर्देश मिलते ही कछुए का मर्दल, डड़ोहे की बाँसुरी,





केकड़े का हारमोनियम, बन्दर की ढोलकी, खरगोश का तबला आदि के शब्द से अखाड़ा काँप उठेगा ।

सर्दी के कारण मेढ़कों की आवाज नहीं निकल रही थी । गीत का अभ्यास न हो सका । सर्दी के कारण यह दुर्दशा है, सर्दार समझ गए । उसने कहा, ''सुनो भाइयो, सर्दी के बाद गर्मी के दिन आएँगे । मौसम गरम रहेगा । नमी रहेगी । पसीना निकलेगा । तब हम इकट्‌ठे नहीं हो सकेंगे । उसके बाद बारिश के दिनों में सर्द मौसम रहेगा । चलो अब हम निश्चल हो मिट्टी के नीचे सो जाएँगे। मैं दक्षिण दिशा में जाता हूँ सो जाऊँगा ।'' इसके बाद

जिसको जो जगह मिली वहाँ नि:शब्द सो गए । गर्मी के दिन गए और वर्षा आ गई । आसमान में काले मेघ घिर आए । बिजली चमक रही थी । इसी समय गड़गड़ाहट से धरती काँप उठी । मेढ़कों की नींद टूटी ।



वे सर्दार से मिलने निकले । पर वे निर्दिष्ट दिशा जान न सके । क्या करेंगे यही सोचने लगे । उनके बीच एक बूढ़ा मेढ़क था । उसने कहा, ''मैं बड़ा बुद्धिमान हूँ ? उसने चारों ओर देखा आसमान एक तरफ से धीरे-धीरे साफ हो रहा है ।'' देखो इस तरफ सूरज उग रहा है । यह जरूर ही पूर्व दिशा है । इधर सामना करके खड़े होने पर तुम्हारे पीछे पश्चिम दिशा होगी । तुम्हारे दाहिने हाथ की तरफ दक्षिण दिशा और बाएँ हाथ की तरफ उत्तर दिशा होगी ।'' उसके बाद वे लोग दक्षिण दिशा में बढ़े । गीत का अभ्यास किया । अभ्यास करते-करते आषाढ़ महीने की चतुर्दशी तिथि आ गई । उस दिन बाघ मामा की शादी थी ।

संगीत गान का दल वहाँ पहुँचा । गीत गाया । शुद्ध देशी घी की मिठाई। खीर खाई । जी भरकर भोज खाई ।

मेढ़कों के पेट में भला घी कैसे हजम होता ? पेट में गड़बड़ी हुई । दस्त हुआ । हनु वैद्य ने कितने प्रकार की जड़ी-बूटी लाकर दवाई बनाई । वे लोग दवाई खाकर दस्त से बच तो गए पर उनका गला खराब हो गया । वे लोग पहले जैसा गाना न गा सके । उसी दिन से वे लोग टर्र टर्र आवाज कर रहे हैं ।

## अभ्यास


**१. पढ़ो और लिखो ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फर्द | _______ | अर्दली | _______ | बुद्ध | _______ |
| शुद्ध | _______ | विशुद्ध | _______ | करमर्दन | _______ |
| शब्द | _______ | शनिश्चर | _______ | उर्दू | _______ |
| निश्चय | _______ | शब्दावली | _______ | युद्ध | _______ |
| उद्भट | _______ | अर्द्धरात्र | _______ | पश्चिम | _______ |

चित्र देखकर वाद्यों के नाम बताओ ।



२. पाठ को पढ़ो । उसमें ब्द, द् , द्ध, श्च, द्म, अक्षरवाले शब्दों को फूल की उपयुक्त पंखुड़ियों में लिखो ।




३. बिखरे हुए शब्दों को सजाकर लिखो ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सरदा | ______ | दमल | ______ | उरद्धा | ______ |
| विद्धरु | ______ | वस्पनति | ______ | स्ववभा | ______ |
| शब्दीता | ______ | द्धुतअ | ______ | मश्चिप | ______ |
| शनि:ब्द | ______ | | | | |

## ४. रेखांकित गलत शब्दों को काटकर वाक्य को सजाओ ।

(क) सूर्य पूर्व पश्चिम दिशा में अस्त होते हैं ।

(ख) विद्यालय में बाघ को देखकर बच्चे को आश्चर्य निर्भय हुआ ।

(ग) वनस्पति प्राणी चलफिर नहीं सकते ।

(घ) अश्व शार्दुल वन में रहते हैं ।

(ङ) ढोल बजाने पर जोर से शब्द गन्ध होते हैं ।

(च) मेरे दादाजी युवा वृद्ध हो गए हैं ।

## ५. कोष्ठक में से शब्द लेकर खाली जगहों को भरो ।

(निश्चय, बुद्धिमान, सर्दी, नि:शब्द, अद्भुत)

(क) कल रात मैंने एक _______ सपना देखा ।

(ख) बच्चे का _______ के कारण नाक बह रही है ।

(ग) मेरे मामा कल _______ आएँगे ।

(घ) सियार एक _______ प्राणी है ।

## ६. कहानी पढ़कर उत्तर लिखो ।

(क) कछुआ क्या बजा रहा था ?

उत्तर :

---

(ख) सर्दी में किस कारण मेढ़क गाना न गा सके ?

उत्तर :

---

(ग) मेढक मिट्टी के नीचे कैसे सोए ?

उत्तर :

---

(घ) किस तिथि में बाघमामा की शादी थी ?

उत्तर :

---

(ङ) हनु वैद्य ने किस में से दवाई बनाई ?

उत्तर :

---

७. इन वाक्यों को आधा लिखा गया है । नीचे दिए गए शब्द लगाकर वाक्यों को पूरा करो ।

(क) दर्द : उसके पेट में _______ है ।

(ख) बुद्धिमती : नीना छोटी है किंतु _______ है ।

(ग) शब्द : वर्षा के दिनों में बादल गरजने पर _______ होता है ।

(घ) पश्चात्ताप : ज्योति अपने दोष जानकर _______ करती है ।

(ङ) वनस्पति : जंगल में अनेक प्रकार की _______ होती हैं ।

८. तुम्हारे गाँव / अंचल में किस दिशा में क्या है, दिए गए कोष्ठक में लिखो ।

| पूर्वदिशा | पश्चिमदिशा | दक्षिणदिशा | उत्तरदिशा |
|---|---|---|---|
| | | | |

९. नीचे दिए गए चित्रों के साथ जिस ऋतु का संबंध है, रेखा खींचकर उसे जोड़ो ।





वर्षाऋतु ग्रीष्मऋतु शीतऋतु





१०. उत्तर लिखो ।

(क) तुम पश्चिमदिशा की तरफ मुँह करके खड़े होने पर तुम्हारा दाहिना हाथ किस दिशा की ओर रहेगा ?

उत्तर : ______________________________

(ख) तुम दक्षिण दिशा की तरफ मुँह करके खड़े होने पर तुम्हारा बायाँ हाथ किस दिशा की ओर रहेगा ?

उत्तर : ______________________________

## ११. उत्तर लिखो ।

(ग) तुम उत्तर दिशा की तरफ मुँह करके खड़े होने पर तुम्हारी पीठ किस दिशा की ओर रहेगी ?

उत्तर : ____________________

## १२. किन दिनों ऐसा होता है ?

(क) चारों ओर कीचड़ लथपथ __________ ।

(ख) चौक में जलछत्र खोला जाता है __________ ।

(ग) सुबह-सुबह कोहरा दिखता है __________ ।

(घ) काला चश्मा, छाता, चप्पल, पानी की बोतल आदि का इस्तेमाल बढ़ जाता है __________ ।

(ङ) लोग गरम कपड़े पहनते हैं __________ ।

## १३. एक शब्द बदलकर वाक्य को सही करके लिखो ।

(क) सूर्य पश्चिम दिशा में उदय होता है ।

उत्तर : ____________________ ।

(ख) सर्दी के दिनों में बहुत नमी रहती है ।

उत्तर : ____________________ ।

**१४. उत्तर लिखो ।**

(ग) गर्मी के दिनो में मौसम सर्द रहता है ।

उत्तर : ______________________________ ।

(घ) वर्षा के दिनों में कोहरा होता है ।

उत्तर : ______________________________ ।

**१५. जरा सोचो और लिखो ।**

यदि सूर्य न होता तो क्या होता ?

______________________________

______________________________

______________________________


**१६. यदि बिलकुल वर्षा न होगी तो क्या होगा ?**


______________________________

______________________________

______________________________

**१७. नीचे दिए गए नाव के चित्रों में रंग भरो ।**





पाठ-१३

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ४७*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ द्ध, ब्द, द्द, श्च, ञ्च आदि संयुक्ताक्षर की पहचान करेंगे ।
- ☐ वर्तनी के साथ शब्द पढ़ना सीखेंगे ।
- ☐ सीखे हुए संयुक्ताक्षर को सही लिखेंगे ।
- ☐ सही वर्तनी के साथ स्पष्ट रूप से शब्द और वाक्य लिखेंगे ।
- ☐ सुने गए, कहे गए, पढ़े गए और लिखे गए विषय को समझ सकेंगे ।
- ☐ नए शब्द ढूँढने को कहेंगे ।
- ☐ नए संयुक्ताक्षरों की पहचान कराएँगे ।
- ☐ नए संयुक्ताक्षरो के रूप प्राय: एक जैसे हैं । उनका अंतर बताएँगे । स्पष्ट उच्चारण कराएँगे ।
- ☐ नए शब्दों को ऊँचे स्वर में उच्चारण कराएँगे ।

**परिवेश :**
- ☐ सूर्योदय और सूर्यास्त की सहायता से दिशा का निर्णय ।
- ☐ मौसम और प्रकृति के साथ ऋतुओं का संबंध ।
- ☐ बच्चे चित्र को देखेंगे । चित्र में क्या-क्या हुआ है देखेंगे । शिक्षक चित्र के संबंध में चर्चा करेंगे ।
- ☐ संगीतदल के चित्र को बच्चे देखेंगे । चित्र में क्या-क्या हो रहा है, ये लोग क्या कर रहे हैं चर्चा करेंगे । उसके बाद शिक्षक कहानी सुनाएँगे ।
- ☐ गर्मी, वर्षा, सर्दी के दिनों की अनुभूति बच्चों से पूछेंगे ।
- ☐ बच्चों को बाहर ले जाकर सूर्यवाली दिशा को दिखाएँगे । दोपहर को सूर्य को देखकर दिशा जानना कठिन है, इसलिए बच्चों से कहें कि वे सूर्य किस दिशा में उदय होते हैं दूसरे दिन देखकर आएँ ।
- ☐ चित्र दिखाएँगे और चित्र (बच्चा सूर्य की तरफ) में क्या देखता है, बताएँगे और दिशाओं की पहचान कराने को बोलेंगे । अभ्यास कार्य व्यक्तिगत रूप से कराएँगे ।
- ☐ व्यक्तिगत और दलगत रूप से चर्चा करने के मौका देंगे । बाद में शिक्षक उत्तर पूछ सकते हैं ।
- ☐ १३ और १४ नं प्रश्नोंके उत्तर बच्चे सोच समझकर लिखेंगे । इसके लिए शिक्षक उत्साहित करेंगे । इसके उत्तर भिन्न भिन्न होंगे, इसलिए शिक्षक नहीं बताएँगे ।
- ☐ बच्चों को कक्षा में रंग लाने को कहें और बच्चों से कक्षा में रंग लगाने का काम करवाएँ ।

पाठ-१४

# चित्र देखकर कहानी सुनाओ




गाँव का नाम मुक्तापुर है । गाँव में प्राय: सौ घर होंगे । भक्तबन्धु गाँव के सबसे अमीर आदमी हैं । उनकी पोती का नाम है तृप्ति ।

 : दादाजी, इतनी गर्मी क्यों पड़ रही है ।

 : गर्मी में धूप न होगी तो क्या होगा ?

 : आजकल क्यों जल्दी शाम नहीं होती ?

 : गर्मी में दिन बड़े होते हैं । तड़के सूर्य उदय होता है । देर से अस्त होता है । धूप के कारण पेड़ पौधे मुरझा जाते है ।

 : पेड़-पौधे क्यों मुरझा जाते हैं ?

 : अधिक गर्मी से नदी, नाले, सूख जाते हैं । गरम हवा बहती है । बारिश नहीं होती । पानी न मिलने के कारण पेड़-पौधे मुरझा जाते हैं । मिट्टी सूख जाती है । इसी समय खेतों में हल चलाया जाता है ।

: दादाजी, इन गर्मियों में कौन - कौन से फल होते हैं ?

: गर्मी में आम, कटहल, अनानास, जामुन पकते हैं । ये सब गर्मी के फल हैं ।

: गर्मियों में कौन-कौन से फूल खिलते हैं ?

: मोगरा, मालती, तगर आदि फूल खिलते हैं ।

: फिर कब वर्षा होगी ?

: रजपर्व और शीतल षष्ठी के समय वर्षा होगी । बरसात के दिनों में तुम्हें कैसा लगता है ?

: छि: चारों ओर कीचड़ लथपथ । कभी-कभी एक हफ्ते तक बारिश होती रहती है । झड़ी होने पर खेल नहीं सकते । नदी में बाढ़ आती है। स्कूल जाने में असुविधा होती है । कागज की नाव बनाकर बहाती हूँ, किन्तु ज्यादा अच्छा नहीं लगता ।

: न, न, वैसा मत बोल । वर्षा न होने पर अकाल पड़ता है । पानी बरसने से गर्मी कम हो जाती है । वर्षा होने पर धान के बीज बोए जाते हैं । धान न होने पर लोग क्या खाएँगे ? पेड़ों पर नए पत्ते निकलते हैं । वर्षा के दिनों में भिण्डि, तोरइ, अरबी, छचिन्दा आदि मिलते हैं । हरी सब्जियों में मजा है ना । सर्दियों में धान की फसल काटते हैं । बोरियों में धान भरकर किसान खुश हो जाता है ।

: अच्छा दादा जी, सर्दी से कैसे रक्षा मिलती है ?

: सर्दियों में अधिक ठण्ड पड़ती है । हम गर्म कपड़े पहनते हैं । अलाव जलाकर उसके पास बैठते हैं ।

: दादाजी, क्या सिर्फ हमें ही सर्दी लगती है ? पक्षियों को सर्दी नहीं लगती । वे सर्दी में कैसे रहते हैं ?


: हाँ, पक्षियों को इतनी सर्दी लगती है कि उड़ते हुए अधिक सर्दीवाले अंचल से कम सर्दीवाले अंचल में आ जाते हैं ।

## अभ्यास

### १. आओ पढ़ो और लिखो ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुक्त | ______ | डाक्टर | ______ | हस्ती | ______ |
| रक्त | ______ | संयुक्ताक्षर | ______ | हस्त | ______ |
| भक्त | ______ | हस्ताक्षर | ______ | दस्ता | ______ |
| शक्ति | ______ | प्राप्तपत्र | ______ | प्रस्ताव | ______ |
| युक्त | ______ | वज्र | ______ | पुस्तक | ______ |
| विभक्त | ______ | सप्ताह | ______ | शून्यहस्त | ______ |
| विद्युतशक्ति | ______ | दफ्तर | ______ | विश्वस्त | ______ |
| सप्तफेणी | ______ | तृप्तप्राण | ______ | आश्वस्त | ______ |

चित्र देखो : सब्जी के टोकरे के पास सब्जी का नाम लिखो । फल के टोकरे के पास फल का नाम लिखो ।



२. पढ़ो, लिखो और याद करो ।

साधु का लक्षण ईश्वर-भक्ति,
दुग्ध पान से बढ़ती है शक्ति ।

३. नीचे दिए गए अक्षरों को लेकर शब्द बनाओ और बक्से में लिखो ।

श क्त र
अ
ह क्ति क
र व
भ प्त
डा म
म स्त
गु
मु
पु
स

जैसे - शक्ति, डॉक्टर

४. बिखरे हुए शब्दों को सजाकर लिखो ।

डारक्ट ____________
अप्ततृ ____________
क्तरवि ____________
हस्तारक्ष ____________
स्तकपु ____________

५. विभिन्न ऋतुओ में पाए जाने वाले फुल, फूल, सब्जी के नाम लिखो ।

| वस्तु | ग्रीष्मऋतु | वर्षाऋतु | शीतऋतु |
|---|---|---|---|
| फूल | | | |
| फल | | | |
| सब्जी | | | |

६. सोच करके उत्तर लिखो ।

(क) किस ऋतु में पेड़ पौधे मुरझा जाते है ?

_______________

(ख) किस ऋतु में नदी में बाढ़ आती है ?

_______________

(ग) किस ऋतु में सड़क पर कीचड़ हो जाता है ?

_______________

(घ) बाढ़ आने पर क्या असुविधा होती है ?

_______________

(ङ) हम कितनी ऋतुओं का अनुभव करते हैं और वे क्या हैं ?

_______________

_______________

(च) किस ऋतु में अधिक सब्जी मिलती है ?

______________________________

(छ) किस ऋतु में आम और कटहल पकते हैं ?

______________________________

## ७. ऋतुओं के साथ संपर्क वाले काम को जोड़ो ।

| | |
|---|---|
| वर्षाऋतु | धान की कटाई होती है, मेढ़क मिट्टी के नीचे छिपते हैं । |
| ग्रीष्मऋतु | धान के पौधों से खेत हरा दिखता है, मोर आनन्द से नाचते हैं । |
| शीतऋतु | धान के बीज बोने के लिए हल चलाया जाता है, पशु पक्षियों को अधिक कष्ट मिलता है । |

## ८. खाली जगहों को भरो ।

(क) नदी तालाब ______ ऋतु में सूख जाते हैं ।

(ख) नदी तालाब में ______ ऋतु में पानी गन्दा दिखता है ।

(ग) पक्षी ______ ऋतु में अधिक शीत होनेवाले स्थान से कम शीत होनेवाले स्थान को उड़ जाते हैं ।

(घ) लोग ______ ऋतु में वनभोज करने को आग्रही होते है ।

**९. सोचकर लिखो ।**

(क) तुम्हारे गाँव / अंचल के लोग किस ऋतु में कौन सी सब्जी उगाते हैं ?

______________________________

______________________________

______________________________

(ख) तुम्हारे गाँव / अंचल के लोग किस समय धान के बीज बोते हैं और धान काटते हैं, पूछकर लिखो ।

______________________________

______________________________


______________________________

**१०. तुम्हारे बगीचे में किस ऋतु में कौन से फूल खिलते हैं, ध्यान से देखो और लिखो ।**

| ऋतुओं के नाम | फूलों के नाम |
|---|---|
| ग्रीष्मऋतु | |
| वर्षाऋतु | |
| शीतऋतु | |

## ११. आओ गाएँ, ओड़िआ के महीने और ऋतुओं को जानें ।

वैशाख ज्येष्ठ की कड़ी धूप
सूरज जलता है तब खूब ।



आषाढ़ सावन में बरसात
बारिश होती है लगातार



भाद्रव अश्विन में है शरत काल
निर्मल शोभा का है यह काल



कार्त्तिक अगहन का जाड़ा
रात को झरता है पाला ।



पूस माघ का शीत काल
देह पर रखो सदा शाल



फागुन चैत में है वसन्त
मन हर लेता पवन तुरन्त ।



बारह महीनों की यह कथा
याद रखना बच्चो सदा ।

हमारे ओड़िआ महीनों के नाम :

________, ________, ________, ________,
________, ________, ________, ________,
________, ________, ________, ________ ।


हमारी ऋतुएँ हैं ।

________, ________, ________, ________, ________, ________

१ २. आओ पढ़ो और लिखो ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उच्च | ______ | स्वच्छ | ______ | विज्ञ | ______ |
| उच्चारण | ______ | कच्छप | ______ | अवज्ञा | ______ |
| गुच्छ | ______ | आच्छादन | ______ | यज्ञ | ______ |
| तुच्छ | ______ | विच्छेद | ______ | ज्ञान | ______ |
| उच्चाट | ______ | उच्छिन्न | ______ | विज्ञान | ______ |
| उच्चासन | ______ | विच्छिन्न | ______ | विज्ञप्ति | ______ |

१ ३. तुम्हें जो फूल अच्छा लगता है उसका चित्र बनाओ और रंग भरो ।



पाठ-१४

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ४५*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ क्त, प्त, श्त आदि संयुक्ताक्षर की पहचान करेंगे ।
- ☐ च्च, च्छ, ज्ञ का अभ्यास करेंगे ।
- ☐ वर्तनी के साथ शब्द पढ़ना सीखेंगे ।
- ☐ सीखे हुए संयुक्ताक्षर सही करके लिखेंगे ।
- ☐ सही वर्तनी के साथ स्पष्ट रूप से शब्द और वाक्य लिखेंगे ।
- ☐ सुने गए, कहे गए, पढ़े गए और लिखे गए विषय को समझ सकेंगे ।

**परिवेश :**
- ☐ ऋतु के साथ मनुष्य का कार्य ।
- ☐ ऋतु के साथ वनस्पतियों का संपर्क ।
- ☐ ऋतु के साथ पक्षियों का संबंध ।
- ☐ बच्चे चित्रों के साथ लेख को भी अच्छी तरह देखेंगे ।
- ☐ चित्र से क्या समझते हैं चर्चा करेंगे । दादा और पोती आपस में सवाल जवाब करते हैं ।
- ☐ पहले गाँव का चित्र दिखाकर चर्चा करेंगे । किस समय का या ऋतु का चित्र है पूछेंगे ।
- ☐ गर्मियों में क्या होता है ? बर्सात में क्या होता है ? क्या फल, सब्जी, फूल होते हैं, चर्चा करो ।
- ☐ पाठ को बच्चे पढ़ेंगे । अनजाने शब्दों के बारे में पूछेंगे ।
- ☐ शब्दों को श्यामपट पर लिखेंगे और पहचान कराएँगे ।
- ☐ शब्दों को पढ़ने देंगे । ऐसे शब्दों के वाक्य लिखेंगे ।
- ☐ ऋतुओं के साथ पक्षियों का संबंध होता है क्या ? अगर होता है तो अपनी अनुभूति वर्णन करेंगे । शिक्षक कुछ तथ्य दे सकते हैं । चिलिका, हीराकुद में पक्षी आते हैं, इस बारे में बताएँगे ।

**अभ्यास कार्य :**
- ☐ २ और ११ नं के उत्तर बच्चों से पूछेंगे ।
- ☐ १, ९, और ११ नं प्रश्न के उत्तर सोचने का मौका देंगे ।
- ☐ अन्ताक्षरी कराएँगे ।



पाठ-१५

# हमारे अंचल के भूमि रूप

उत्सव बाबू के बेटे का नाम उत्पल है । वह उत्कल विश्वविद्यालय से पढ़ाई करके गाँव में लौटा था । वह एक उत्साही युवक था । उसने नौकरी न करके खेती करनी चाही ।

उत्पल ने पिताजी से कहा, ''पिताजी नदी के पास की हमारी जमीन बहुत उपजाऊ है । गाँव की पश्चिम दिशा में पहाड़ के नीचे की जमीन बंजर है । वह जगह ऊँची भी है । और पथरीली भी । घास उगी है । गाय बकरी चरती हैं । गाँव के बच्चे वहाँ खेलते हैं । कभी कभी खुशी से चीत्कार करते हैं । पहाड़ से तो झरना निकला है । मैदान को काम में लगाया जा सकता है । इसके लिए कृषि अधिकारी से बात करनी होगी ।''



एक दिन वक्त निकाल कर दोनों कृषि अधिकारी के पास गए । उनसे सलाह मशविरा किया । कृषि अधिकारी बोले, मैदान वाली जमीन में गोबर का खाद डालकर उपजाऊ बनाया जाता है । गोबर एक उत्कृष्ट किस्म का खाद है। फसल का उत्पादन अच्छा होगा ।



आप वहाँ आम, कटहल, बरगद, पीपल, शाल, देवदार, ईमली, जामुन और खजूर के पेड़ लगा सकते हैं ।

आप उस मैदान को दूसरे तरीके से भी इस्तेमाल कर सकते हैं । गाय, मुर्गी और बकरियों का फार्म बनाएँगे । नदी के पास-वाली जमीन में तो धान की खेती अच्छी होती होगी । उसके साथ उड़द, मूँग, सरसों, मूँगफली आदि अच्छी होगी। आलू, गोभी, बैंगन और कद्दू भी लगा सकते हैं ।



ऊँची जमीन पर कपास, तिल और अरहर अच्छे उगते हैं ।

मैदान, खेत, वन, पहाड़, पथरीली जमीन-ये सब जमीन के विविध प्रकार हैं ।

उत्पल की सलाह के अनुसार मैदानवाली जमीन पर काम किया गया । जमीन से अधिक पैदावार हुई ।



पशुओं के नाम लिखो :



# अभ्यास

**१. पढ़ो और याद करो ।**

(क) हमारी जन्म भूमि है उत्कल देश ।

उत्कल की कीर्त्ति है अशेष ।

सभी उत्पातों से तुझे कृपा कर

वत्स ! बचाए रखे वह ईश्वर ।

(ख) पढ़ो और लिखो ।

स्खलन, स्खलित, भूस्खलन

**२. पाठ में 'त्क' 'त्स' 'त्प' वाले शब्दों को लिखो ।**


______ ______ ______ ______ ______ ______

______ ______ ______ ______ ______ ______

**३. नीचे के शब्दों को पढ़ो और लिखो ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्कट | ______ | भर्त्सना | ______ |
| उत्कल | ______ | उत्साहित | ______ |
| उत्कलिका | ______ | उत्पत्ति | ______ |
| उत्स | ______ | उत्पादन | ______ |
| उत्सव | ______ | उत्साह | ______ |
| उत्पन्न | ______ | | |

४. शब्द बनाकर मछली की पूँछ में लिखो । जैसे -




५ आलोचना करके उत्तर लिखेंगे ।

(क) कृषि अधिकारी मैदानवाली जमीन पर क्या-क्या फसलें उगाने के लिए उत्पल को सलाह देते हैं ।

उत्तर : ______________________________

______________________________

(ख) बंजर जमीन को कैसे उपजाऊ बनाया जाता है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

(ग) नदी के पास-वाली जमीन में कौन-सी फसल अच्छी होती है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

(घ) पाँच बड़े-बड़े पेड़ों  के नाम लिखो ।

उत्तर : ______________________________

______________________________

६. (क) तुम्हारे अंचल में किस प्रकार की भूमि है, लिखो ।

उत्तर : ______________________________

______________________________

(ख) तुम्हारे अंचल में क्या-क्या फसलें उगायी जाता है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

(ग) तुम्हारे गाँव के लोग कौन-कौन से पशु-पक्षी पालते हैं ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

(घ) तुम्हारे अंचल के लोग अच्छी फसल के लिए जमीन में कौन सा खाद प्रयोग करते हैं, पूछ कर लिखो ।

उत्तर : ______________________________

______________________________

## ७. पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर लिखो ।

मत्स्य या मछली जल में रहती है । उन्हें जल से निकालते ही वे कुछ ही क्षणों में मर जाएँगी । मत्स्यों के पाँव नहीं होते । उनकी पूँछ और पंखों से वे तैरती हैं । कुछ मत्स्यों के शरीर में चोईं होती हैं ।

**(क) कौन-कौन जल में रहते हैं ?**

उत्तर : ____________________________________________

____________________________________________

**(ख) किसके पाँव नहीं होते ?**

उत्तर : ____________________________________________

**(ग) पूँछ और पंख के सहारे कौन तैरते हैं ?**

उत्तर : ____________________________________________

## ८. खाली जगहों को भरो ।

(क) नदी के पास वाली जमीन बड़ी ______ है ।

(ख) पहाड़ से ______ निकली है ।


(ग) मैदानवाली जमीन को काम में लाने के लिए ______ के साथ सलाह करते हैं ।

(घ) जमीन में खाद डालने से जमीन की ______ शक्ति बढ़ती है ।

(ङ) गाय एक ______ पशु है ।

९. नीचे दिए गए पेड़ का चित्र पूरा करो ।

उसमें रंग भरो ।



पाठ-१५

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ४५*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ त्क, प्त, त्स आदि संयुक्ताक्षरों की पहचान करेंगे ।
- ☐ मात्रा के साथ शब्द को पढ़ेंगे ।
- ☐ सीखे हुए संयुक्ताक्षरों को सही करके लिखेंगे ।
- ☐ सही मात्रा के साथ साफ शब्द और वाक्य लिखेंगे ।
- ☐ सुने गए, कहे गए, पढ़े गए और लिखे गए विषय को समझ सकेंगे ।
- ☐ नये शब्द से अक्षर की पहचान कराएँगे (बच्चों के द्वारा) शब्द को लिखने बोलेंगे और समूह रूप से उच्चारण करेंगे ।
- ☐ त्क, त्स, त्प को लगाकर नए-नए शब्द बोलेंगे

**परिवेश :**
- ☐ मनुष्य द्वारा स्थानीय भूभाग का व्यवहार ।
- ☐ स्थानीय वृक्ष और अनाज की पहचान ।
- ☐ बच्चों के माता पिता क्या करते हैं, शिक्षक पूछेंगे ।
- ☐ विद्यालय से बाहर घूमाने ले जाएँगे । गडढे वाली जमीन, ऊँची जमीन, पहाड़, तालाब आदि भूमि रूप की पहचान कराएँगे ।
- ☐ किसके पास खेती की जमीन है किसके पास नहीं । खेत में क्या उगाया जाता है पूछेंगे । बच्चों की अनुभूति को महत्व देंगे । कौन पशुपालन करके पेट पालते हैं पूछेंगे ।
- ☐ बगीचे में पेड़ों की पहचान कराएँगे । कक्षा में कहानी सुनाएँगे । कहानी सुनाते हुए चित्र तथा बड़े अक्षरोंवाले शब्दों को दिखाएँगे । शब्दों को श्यामपट पर लिखेंगे । कहानी सुनाते हुए अनाज को भी दिखा सकते हैं ।
- ☐ खेत में कीड़े मकौड़ों से फसल की रक्षा कैसे की जाती है बताएँगे, खेतों के महत्व पर बात करेंगे । खेत में गोबर खाद के महत्व को बताएँगे ।
- ☐ उत्पल क्यों खेती करना चाहता था, बात करेंगे ।
- ☐ पिता, दादा / घर के लोग विभिन्न प्रकार की जमीन दिखाने को बच्चों से कहेंगे ।

**अभ्यास कार्य :**
- ☐ १ नं गीत याद कराएँगे ।
- ☐ ५ नं को बच्चो आलोचना करके लिखेंगे ।
- ☐ ९ और ७ नं करने को बच्चे को अधिक समय देंगे ।
- ☐ ११ नं चित्र में रंग भरकर पक्षी का नाम लिखेंगे ।
- ☐ बच्चे व्यक्तिगत रूप से लिखने के बाद कक्षा में पूछेंगे ।

पाठ- १६

# हमारे त्योहार



यह किस त्योहार का चित्र है ?

______________________


इस दिन किस देवी की पूजा की जाती है ?

______________________

तुम उस दिन घर में क्या करते हो ?

______________________

कार्त्तिक महीने के कृष्णपक्ष की अमावस्या तिथि को दीवाली का त्योहार मनाया जाता है । उस दिन हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं ।



इस चित्र में किस धर्म के लोगों को देख रहे हो ?

______________________

वे लोग कहाँ बैठकर प्रार्थना करते हैं ?

______________________

रमजान मुसलमानों का एक बड़ा त्योहार है । इस समय एक महीने तक मुसलमान लोग उपवास करते हैं । यह उनका एक पवित्र महीना है । रात को स्वतंत्र रूप सें वे नमाज पढ़ते हैं । इस पवित्र महीने में वे बड़ा दान पुण्य करते हैं ।

चित्र में कौन सा प्रार्थना-स्थल है ।



______________________

किस धर्म के लोग यहाँ प्रार्थना करते हैं ?

______________________

२५ दिसम्बर को ईसाई धर्म के लोग क्रिसमस मनाते हैं । उस दिन ईशा मसीह का जन्म हुआ था ।

______________________



यह किस यात्रा का चित्र देख रहे हो ।

______________________

इस दिन किन-किन देवताओं की पूजा होती है ?

______________________

तुम रथयात्रा कैसे मनाते हो ?

______________________

आषाढ़ महीने की शुक्लपक्ष द्वितीया तिथि को रथयात्रा मनायी जाती है । पुरी की रथयात्रा विश्व प्रसिद्ध है । इस दिन सभी जाति और धर्म के लोग बड़दाण्ड में भगवान के दर्शन करते हैं ।



इस चित्र में किस देवता की पूजा की जा रही है ?

यह पूजा किन-किन जगहों पर होती है ?

______________________________

तुम गणेश पूजा के दिन विद्यालय में क्या-क्या करते हो ?

______________________________

______________________________

______________________________

गणेश पूजा भाद्रव महीने की शुक्लपक्ष चतुर्थी को होती है । गणेश भगवान को बुद्धिदाता माना जाता है ।



इस चित्र में कौन-सी देवी हैं ?


______________________________

पूजा के पहले तुम विद्यालय में क्या-क्या करते हो ?

______________________________

______________________________

माघ शुक्ल पंचमी तिथि को सरस्वती पूजा होती है ।



इस चित्र में किसे देख रहे हो ?

______________________

महात्मागान्धी का जन्म २ अक्तुवर १८६९ को हुआ था । भारत को पराधीनता से स्वाधीन बनाने में उनकी मुख्य भूमिका थी। इसलिए हरसाल उनके जन्मदिन को 'गान्धी जयन्ती' मनायी जाती है । गान्धी जयन्ती एक राष्ट्रीय पर्व है ।

तुम गुरुदिवस के दिन क्या करते हो ?


यह डाक्टर सर्वपल्ली राधाक्रिष्णन का चित्र है । वे एक आदर्श शिक्षक और दार्शनिक थे । वे भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे । शिक्षक समाज को सम्मानित करने के लिए ५ सितम्बर उनके जन्मदिन को गुरुदिवस मनाया जाता है ।





हर साल हम १५ अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं । १५ अगस्त १९४७ को भारत को स्वतंत्रता मिली थी । २६ जनवरी १९५० को भारत का सम्विधान लागू किया गया था । इसलिए इस दिन गणतंत्र दिवस मनाया जाता है । स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस हमारे राष्ट्रीय पर्व हैं । इन दिनों हम राष्ट्रीय झण्डा फहराते हैं और राष्ट्रीय संगीत गान करते हैं । राष्ट्रीय पर्व मनाकर हम देश के लिए बलिदान देनेवाले महान लोगों की याद करते हैं और उनका सम्मान करते हैं । भारत में हर जगह राष्ट्रीय पर्व मनाया जाता है । हम और भी अनेक पर्व गाँव में, घर में और विद्यालय में मनाते हैं । इससे भाईचारा और स्नेह सौहार्द्र बढ़ता है । हर पर्व में राष्ट्रगीत नहीं गाया जाता ।

चित्र देखकर इनको पहचानो और उनके बारे में कुछ बताओ ।













# अभ्यास

## १. पढ़ो और लिखो ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थान | ________ | अवस्था | ________ |
| स्थिर | ________ | स्थापन | ________ |
| स्थायी | ________ | प्रस्थान | ________ |
| अस्थि | ________ | प्रशस्त | ________ |
| दृश्य | ________ | कृष्ण | ________ |
| स्वस्थ | ________ | विष्णु | ________ |
| प्रस्थ | ________ | सहिष्णु | ________ |
| स्थल | ________ | वैष्णव | ________ |
| स्थावर | ________ | श्रीकृष्ण | ________ |

## २. नीचे दिए गए अक्षरों से जितना हो सके शब्द बनाओ ।

| | | |
|---|---|---|
| स्त | प | न |
| प्र | स्था | अ |
| व | स्थ | ल |

________________________________

________________________________

________________________________

________________________________

३. आओ नीचे के वाक्यों को पढ़ेंगे और लिखेंगे ।

सुदेष्णा विष्णुपुर जाती है ।

______________________________

कृष्णपक्ष के बाद शुक्लपक्ष आता है ।

______________________________

हमें कष्ट सहिष्णु होना चाहिए ।

______________________________

हरी सब्जी खाने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है ।

______________________________

हमारे गाँव में एक विद्यालय की स्थापना की गयी ।

______________________________

४. 'स्थ' और 'ष्ण' वाले पाँच शब्द लिखो ।

________, ________, ________, ________, ________ ।

५. 'स्थ' वाले शब्द से दो वाक्य बनाओ और 'ष्ण' वाले शब्द से दो वाक्य बनाओ ।

______________________________ ।

______________________________ ।

______________________________ ।

______________________________ ।

**६. त्योहारों के नाम के साथ उसकी उपयुक्त तारीख या तिथि को मिलाकर नीचे के वाक्यों को लिखो ।**

| | |
|---|---|
| दीपावली | २६ जनवरी |
| क्रिसमस | माघ शुक्ल पंचमी |
| रथयात्रा | ५ सितम्बर |
| गणेश पूजा | आषाढ़ शुक्ल द्वितीया |
| सरस्वती पूजा | भाद्रव शुक्लपक्ष चतुर्थी |
| गांधी जयन्ती | १५ अगस्त |
| गुरुदिवस | २५ दिसम्बर |
| स्वतंत्रता दिवस | कार्त्तिक अमावस |
| गणतंत्र दिवस | २ अक्तूबर |

________________________________________।

________________________________________।

________________________________________।

________________________________________।

________________________________________।

________________________________________।

________________________________________।

________________________________________।

________________________________________।

७. नीचे दिए गए गलत वाक्यों को सही करके लिखो ।

(क) मुहम्मद के जन्मदिन को क्रिसमस मनाया जाता है ।

_______________________________________ ।

(ख) सरस्वती देवी को विद्यादात्री के रूप में पूजा जाता है ।

_______________________________________ ।

(ग) महात्मागान्धी भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे ।

_______________________________________ ।

(घ) २६ जनवरी १९५० को हमारा देश स्वतंत्र हुआ ।

_______________________________________ ।

(ङ) २ अक्तूबर १८६९ को नेताजी का जन्म हुआ था ।

_______________________________________ ।



८. त्योहारों के नामों के साथ संबंधित चित्रों को रेखा खींचकर जोड़ो ।



रज पर्व



जन्माष्टमी



होली



क्रिसमस



रमजान

९. पाठ को पढ़ो और आपस में आलोचना करके उत्तर लिखो ।

(क) दीपावली में किस देवी की पूजा होती है ।

उत्तर : ______________________________ ।

(ख) रथयात्रा में कौन-कौन से देवता रथ में यात्रा करते हैं ?

उत्तर : ______________________________

______________________________ ।

(ग) किस त्योहार में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है और राष्ट्रगीत गाया जाता है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

______________________________ ।

(घ) गान्धीजी को हम क्यों याद करते हैं ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

______________________________

______________________________ ।

(ङ) किस दिन गुरुदिवस मनाया जाता है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

______________________________ ।

१०. आलोचना करके लिखो ।

(क) तुम्हारे विद्यालय में गणेश पूजा कैसे मनाई जाती है ?

उत्तर : ____________________

____________________

____________________

____________________ ।

(ख) तुम्हारे विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाया जाता है ?

उत्तर : ____________________

____________________

____________________

____________________ ।

(ग) 'गुरु दिवस' तुम कैसे मनाते हो ?

उत्तर : ____________________

____________________

____________________

____________________ ।

(घ) स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र संग्रह करके आलबम बनाओ ।

उत्तर : ____________________

____________________

____________________

____________________ ।

पाठ-१६

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ३८*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ स्थ, ष्ण संयुक्ताक्षरों की पहचान करेंगे ।
- ☐ मात्रा के साथ शब्द को पढ़ना सीखेंगे ।
- ☐ सीखे हुए संयुक्ताक्षरों को सही करके लिखेंगे ।
- ☐ सही मात्रा के साथ सफाई से शब्द और वाक्य लिखेंगे ।
- ☐ सुने गए, कहे गए, पढ़े गए और लिखे गए विषय को अच्छी तरह समझ सकेंगे ।

**परिवेश :**
- ☐ राष्ट्रीय पर्व और अन्यान्य पर्व को पहचानेंगे ।
- ☐ पर्व को कब और क्यों मनाया जाता है जान सकेंगे ।
- ☐ पर्व मनाते समय विद्यार्थी की भूमिका को समझेंगे ।
- ☐ शिक्षक पहले बच्चों को उनकी अनुभूति वर्णन करने का मौका देंगे । बच्चे त्योहारों के नाम बताएँगे । उनके घर और पड़ोस में मनाए जानेवाले त्योहारों के नाम बताएँगे ।
- ☐ त्योहारों के दिन वे क्या करते हैं और घर के लोग क्या करते हैं चर्चा करेंगे ।
- ☐ घर के त्योहारों की तरह विद्यालय में कौन-कौन से त्योहार मनाये जाते हैं और कब, उस दिन वे क्या करते हैं उस विषय में शिक्षक से सुनेंगे ।
- ☐ सब धर्मों / अंचलों के विभिन्न त्योहारों के बारे में पूछेंगे ।
- ☐ पाठ के चित्रों को देखेंगे । इस में किन-किन त्योंहारों के बारे में बताया गया है पूछेंगे । पहचान न होने पर उसकी पहचान कराएँगे । चित्र के संबंध में लेख पढ़ने देंगे ।
- ☐ बच्चे नए शब्द पूछेंगे पर उसे श्यामपट पर लिखेंगे और पहचान कराएँगे ।
- ☐ पार्लियामेण्ट के चित्र की पहचान कराएँगे । झण्डा फहराने का कारण बताएँगे । १५ अगस्त, २६ जनवरी के महत्व को समझाएँगे । स्वतंत्रता सेनानियों की पहचान कराएँगे और उनके चित्र संग्रह करेंगे ।

**अभ्यास कार्य :**
- ☐ अभ्यास कार्य व्यक्तिगत रूप से कराएँ और कक्षा में आलोचना करें ।
- ☐ उत्तर पूछकर सुधार लें ।
- ☐ आलबम बनाने का मौका दें ।

पाठ-१७

# चित्र देखकर कहानी सुनाओ

सुबह होते ही १५ अगस्त होगा । बच्चों में आग्रह और उत्साह दिख रहा था । शिक्षक कृष्णचन्द्र के तत्त्वावधान में बच्चों ने काम किया । विद्यालय के भिन्न-भिन्न स्थानों की सफाई की । प्रधान शिक्षक विष्णुबाबू सोचने लगे कि किसे मुख्य अतिथि बनाया जाए । वैष्णवबाबू को मुख्य अतिथि बनाने को सोचा । बच्चों ने रंगीन कागज से झण्डे बनाकर लगाए । तय हुआ सब बच्चे सुबह सात बजे पहुँचेंगे ।



बच्चे फूल लेकर स्कूल में आए । वैष्णव बाबू सही समय पर विद्यालय पहुँच गए । सब स्थिर होकर खड़े हो गए । वैष्णव बाबू ने राष्ट्रध्वज फहराया । बच्चों ने राष्ट्रगीत गाया ।




''जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता !

पंजाब-सिन्धु-गुजराट-मराठा द्राविड़ उत्कल बंग,
बिन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा उच्छल जलधि-तरंग,
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मागे
गाहे तव जय गाथा ।
जन-गण-मंगल-दायक जय हे, भारत भाग्य विधाता !
जय हे, जय हे, जय हे जय जय जय, जय हे ।''

उसके बाद वैष्णव बाबू ने भाषण दिया ।

अंग्रेजों ने दो सौ साल हम पर शासन किया । राष्ट्रपिता महात्मागान्धी के नेतृत्व में देश स्वतंत्र हुआ । हमारे राष्ट्रीय झण्डे में तीन रंग हैं । केसरिया रंग

साहस का प्रतीक है । सफेद रंग शान्ति का प्रतीक है । हरा रंग मैत्री का प्रतीक है । बीच में गहरे नीले रंग का अशोक चक्र है । इसमें २४ आरे हैं । ये प्रगति के सूचक हैं । आज का बच्चा कल का नागरिक है । देश की उन्नति के लिए



सब को काम करना आवश्यक है । भाषण के बाद देश के लिए लड़नेवाले नेताओं के नाम बताए और बच्चों को 'जय' कहने को अनुरोध किया ।

महात्मागान्धी की जय

नेताजी सुभाष बोस की जय

बाल गंगाधर तिलक की जय

सर्दार वल्लभभाई पटेल की जय

जवाहरलाल नेहरू की जय

उसके बाद बच्चों ने मिठाई खाई और घर गए ।

## अभ्यास

**१. पाठ में जिन नामों के साथ 'ष्ण' लगा हुआ है उन्हें लिखेंगे ।**

**२. नीचे के वाक्यों को पढ़ेंगे 'ष्ण' वाले शब्दों को △ में लिखेंगे । 'स्थ' वाले शब्दों को ▭ में लिखेंगे ।**

- हमारे शरीर में २०६ अस्थियाँ हैं ।
- हमारे विद्यालय के अहाते में वृक्षरोपण करने को स्थिर हुआ ।
- कृष्ण और विष्णु दोनों भाई है ।
- स्वास्थ्य ही संपद है ।
- हमारी पृथ्वी में स्थलभाग की तुलना में जलभाग अधिक है ।
- श्री चैतन्य ने वैष्णव धर्म का प्रचार किया था ।

३. नीचे के शब्दों को पढ़ो और लिखो ।

शुक्ल ____, वल्लभ ____, कल्कि ____

४. पाठ को पढ़ो और नीचे के प्रश्नों के उत्तर दो ।

(क) शिक्षक कृष्णचन्द्र के तत्वावधान में बच्चों ने क्या किया ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

(ख) विद्यालय के प्रधान शिक्षक कौन हैं ?

उत्तर : ______________________________

(ग) मुख्य अतिथि कौन बने ?

उत्तर : ______________________________

(घ) बच्चों ने किस कागज के झण्डे लगाए ।

उत्तर : ______________________________

(ङ) किसने झण्डा फहराया ?

उत्तर : ______________________________

(च) अंग्रेजों ने कितने सालों तक हम पर शासन किया है ?

उत्तर : ______________________________


(छ) किसके नेतृत्व में हमारा देश स्वतंत्र हुआ ?

उत्तर : ______________________________

(ज) चार स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखो ।

उत्तर : ______________________________

५. चित्र देखकर रंग भरो ।



६. खाली जगहों को भरो ।

(क) राष्ट्रीय झण्डे में बीच का सफेद रंग ______ का प्रतीक है ।

(ख) राष्ट्रीय झण्डे में नीचे का हरा रंग ______ का प्रतीक है ।

(ग) राष्ट्रीय झण्डे में ऊपर का केशरिया रंग ______ का प्रतीक है ।

(घ) राष्ट्रीय झण्डे में बीच का चक्र ______ का प्रतीक है ।

(ङ) राष्ट्रीय झण्डे के चक्र में ______ आरे हैं ।

(च) सन १९४७ ______ महीने की ______ तारीख को हमारा देश स्वतंत्र हुआ।

७. जरा सोचो और लिखो ।

तुम्हारे विद्यालय में गणतंत्र दिवस कैसे मनाया जाता है ?

लिखो ।

उत्तर : ______________________________

## अब तक हमने क्या सीखा ।

| 'य' की मात्रा | 'ल'की मात्रा | 'ल' की मात्राा | 'व' की मात्रा | रेफ (ॅ) |
|---|---|---|---|---|
| ण्ड | ण्ढ | न्त | न्थ | न्द |
| न्ध | म्प | म्फ | म्ब | म्भ |
| ष्क | ष्प | ष्फ | ष्ट | ष्ठ |
| स्क | स्प | त्त | द्द | ब्द |
| द्ध | द्म | ल्प | क्त | त्प |
| प्त | त्स | स्थ | श्च | ष्ण |
| दृ | ल्क | स्त | त्क | स्ख |

पाठ-१७

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- २६*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ स्थ, ष्क, ल्क की पुनरावृत्ति ।

**परिवेश :** ☐ राष्ट्रीय ध्वजा की धारणा ।

☐ राष्ट्रीय संगीत का गान ।

☐ शिक्षक १५ अगस्त और २६ जनवरी के महत्त्व पर बात करेंगे बच्चों से इसके बारे में पूछेंगे ।

☐ इसे राष्ट्रीय पर्व क्यों कहा जाता है पूछेंगे । उस दिन क्या-क्या होता है याद करने को कहेंगे ।

☐ चित्र में क्या देखते हैं और किस दिन यह काम होता है पूछेंगे ।

☐ बच्चें को पाठ पढ़ने देंगे ।

☐ छोटे-छोटे प्रश्न पूछ सकते हैं ।

☐ राष्ट्रीय झण्डे का चित्र दिखाकर उसके रंगों के बारे में पूछ सकते हैं ।

☐ पाठ में जो वर्णन किया गया है, उसे पढ़ेंगे, आलोचना करेंगे और क्या समझे पूछेंगे । झण्डे का रंग दिखाकर उसके महत्त्व को बताएँगे ।

☐ झण्डे में क्यों साहस, वीरता, शान्ति, मैत्री और प्रगति का महत्त्व दिया गया है चर्चा करेंगे ।

☐ हर देश का झण्डा होता है और क्यों, चर्चा करेंगे ।

☐ प्रत्येक बच्चा राष्ट्रगान सीखेगा ।

**अभ्यास कार्य :**

☐ शिक्षक व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कार्य कराएँगे और कक्षा में, उत्तर की आलोचना करेंगे ।

☐ विभिन्न देशों के झण्डों के चित्र संग्रह करके आलबम बनाने को उत्साहित करेंगे ।

पाठ-१८

# माँ जैसी मेरी कौन होगी

माँ जैसी मेरी कौन होगी
गाकर गाना खिला कर खाना
गोद में मुझे बिठाएगी





प्यार करेगी, दुलराएगी
आँखों में आँसू छलकें तो
गोद में बिठाकर हँसाएगी
माँ जैसी मेरी कौन होगी ।१।

माँ जैसी मेरी कौन होगी
मेरी आरी-जिद सहेगी
कहानी सुना बहलाएगी
गुनगुना के गीत
मुझको बिस्तर पे ले सुला देगी
माँ जैसी मेरी कौन होगी ।२।



बाहर से घर आऊँ तो हाथ-
पाँव सहलाएगी
धूल झाड़कर बदन पोंछकर
सिर के बाल सँवार देगी





अच्छी पोशाक पहना देगी



आ-आ रे चंदामामा
कहकर चाँद दिखाएगी
माँ जैसी मेरी कौन होगी ।३।

मेरे बस्ते को सजाकर
पढ़ने को मुझे भेज देगी
खाना पीना सब छोड़कर
इंतजार में बैठी होगी





मैं बड़ी बन जाऊँ जग में
बस यही मिन्नत करती होगी
माँ जैसी मेरी कौन होगी ।४।

## अभ्यास

**१. पद्य को पढ़ो और लिखो ।**

(क) माँ खिलाते हुए क्या करती है ?

उत्तर : ____________________

(ख) तुम्हारी आँखों में आँसू आने पर माँ क्या करती हैं ?

उत्तर : ____________________

(ग) तुम बाहर से आते हो तो माँ क्या करती है ?

उत्तर : ____________________

(घ) जब तुम पढ़ने जाते हो तो माँ तुम्हारे लिए क्या-क्या तैयारियाँ करती है ?

उत्तर : ____________________

(ङ) तुम क्या बनोगे इसके लिए तुम्हारी माँ क्या मनाती है ?

उत्तर : ____________________

(च) तुम अपनी माँ से कब-कब कहानी सुनते हो ?

उत्तर : ____________________

२. (क) तुम्हारी माँ तुम्हारे लिए क्या-क्या काम करती है, लिखो ।

उत्तर : ____________________

(ख) तुम्हारी माँ घर पर न हो तो तुम्हें क्या-क्या असुविधा होती है ।

उत्तर : ____________________

(ग) तुम्हारे परिवार में कौन-कौन हैं लिखो ।

उत्तर : ____________________

३. पद पूरा करो ।

(क) आँखों में आँसू आने पर

गोद में ____________________

(ख) गुन गुना के गीत गाके

बिस्तर पर ____________________

(ग) बाहर से आऊँ तो सहलायेगी

धूल झाड़कर ____________________

(घ) दुनिया में ____________________

मैं बड़ी बनूँ मिन्नत करके बैठी होगी

४. पाठ को पढ़कर पद्य के अनुसार सजाओ ।

(क) पहना देगी मुझे पोशाक

________________________

(ख) सब सहेगी मेरी आरि

________________________

(ग) मुझे हँसाएगी गोद में उठाकर

________________________

(घ) सजाकर मेरे बस्ते को

________________________

५. तुम्हारी माँ तुम्हारे लिए कैसी -कैसी चीजें खाने के लिए बनाती है ?

पाठ-१८

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- २६*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :**
- ☐ बच्चे इस पद्य को एक- एक करके और समवेत रूप से आवृत्ति करेंगे ।
- ☐ सहज प्रश्नों के उत्तर सरलता से देंगे ।
- ☐ छोटे-छोटे प्रश्न पूछेंगे ।
- ☐ सरल पद्य को ऊँचे स्वर में पढ़ेंगे ।

**परिवेश :**
- ☐ माँ बच्चों के लिए क्या -क्या काम करती है और यह कितना महत्त्वपूर्ण है, इस पर बात करेंगे ।
- ☐ शिक्षक चित्र को ध्यान से देखने को कहेंगे और उससे क्या पता चला, उस पर बातचीत करेंगे।
- ☐ गीत की आवृत्ति करेंगे और बच्चों से बात करेंगे ।
- ☐ माँ बच्चों के लिए क्या-क्या काम करती है, बच्चों से बात करेंगे ।
- ☐ माता-पिता के प्रति भक्ति भाव जाग्रत करने के लिए माता के महत्त्व को कविता के माध्यम से बताएँगे ।
- ☐ बच्चों को सरल प्रश्न पूछने के लिए उत्साहित करेंगे ।

**अभ्यास कार्य :**
- ☐ गीत की आवृत्ति कराएँगे ।
- ☐ व्यक्तिगत रूप से अभ्यास प्रश्नों के उत्तर देंगे ।
- ☐ बच्चों से परिवार के अन्य सदस्यों के बारे में बात करेंगे ।
- ☐ माँ के न होने पर क्या-क्या असुविधा होगी इस पर बात करेंगे ।

पाठ-१८

# चित्र देखो और बताओ

चित्र-१

## आओ खेलें


नीचे दो चित्र दिए गए हैं । एक चित्र में पाँच गलतियाँ हैं । उन्हें ढूँढ निकालो ।






चित्र देखकर कहानी बनाओ ।


चित्र-२



चित्र- ३



चित्र देखकर
आपस में बात करो ।
ऐसे चित्र बनाओ और
रंग भरो ।



पाठ-१९

# शिक्षक और अभिभावक के लिए सूचना

*पिरियड संख्या- ८*

**क्या सीखेंगे -**

**भाषा :** ☐ चित्र देखकर बोलना सीखेंगे ।

☐ अन्तर बताना सीखेंगे ।

☐ कहानी बनाकर बोलना सीखेंगे ।

**परिवेश :** ☐ परिवेश में होनेवाली घटनाओं पशु और पक्षियों के घरों को याद करेंगे और पहचानेंगे ।

**पाठ-१९ में ३ चित्र हैं । :**

☐ १ नं चित्र को बच्चों को देखने देंगे । एक- एक करके देखने के बाद आपस में बात करेंगे और कक्षा में सुनाएँगे ।

☐ चित्र नं २ को देखेंगे । अपने दल में इस बारे में आलोचना करेंगे ।

☐ व्यक्तिगत रूप से पार्थक्य दिखाएँगे ।

☐ ३ नं चित्र देखेंगे । क्या देखा बात करेंगे ।

☐ सब वृत्ताकार में बैठकर चित्र से कहानी बनाएँगे और सुनाएँगे ।